तापमान

अधिकतम 36.1 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 11 मई 2026




देवकीनंदन चौक से सिम्स जाने वाली सड़क पर बनाया गया डिवाइडर




हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

सामान्य कूपन

11 मई 2026

कूपन नं.

1


# रुला रही है बिजली, मरम्मत में देरी से छूट रहा उपभोक्ताओं का धैर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- नाराज लोग कर्मचारियों को बना रहे बंधक

बिजली बंद की समस्या शहर के लिए अभिशाप बन चुकी है, लगातार हो रही दिक्कतों के चलते उपभोक्ताओं का सब्र जवाब देने लगा है, यही कारण है कि कभी कार्यालय का घेराव किया जा रहा है, कभी बिजली कर्मचारियों को बंधक बना लिया जाता है।

रविवार को शहर के कई क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली जा रही रही, सरजू बगीचा व तेलीपारा में जम्पर कटने के कारण बिजली बंद रही। साथ ही रोहणी विहार, करबला रोड, तारबहार, संत रविदास चौक, मन्नू चौक, दयालबंद, अशोक नगर, सरकंडा क्षेत्र में बिजली बंद रही, खास बात यह है कि बार-बार शिकायत के बाद भी बिजली कर्मचारियों ने फाल्ट ढूंढने और मरम्मत के कई घंटों का समय गुजार दिया। वहीं इस दौरान ट्रांसफार्मर के डियो खराब होने व लूज कॉटैक्ट जैसी समस्याओं को निराकरण करने के लिए फ्यूज कॉल के कर्मचारी तक नहीं पहुंच रहे हैं। कई घरों में सिंगल फेस कनेक्शन की समस्या सामने आ रही है, लेकिन ना तो फ्यूज कॉल सेंटर इसे सुधार रहा है और ना ही अधिकारी कर्मचारियों को इसके लिए आदेशित कर रहे है, जिससे समस्या बढ़ चुकी है।



## कर्मचारियों को बना लिया बंधक

जानकारी के अनुसार शनिवार की रात सरजू बगीचा गली में बिजली बंद थी, इस दौरान बिजली विभाग का गैंग मौके पर मरम्मत के लिए पहुंचा लेकिन गाड़ी में सीढ़ी नहीं होने के कारण गैंग वापस जा रहा था। इस दौरान मोहल्लेवासियों ने गाड़ी को रोक लिया और कर्मचारियों को बिना बिजली बनाए नहीं जाने दिया। इसकी सूचना एई प्रीता एक्का को दी गई, जिसके बाद लाइनमेन और अन्य कर्मचारियों के साथ सीढ़ी भेजी गई और मरम्मत कार्य किया गया,जिसके बाद ही बिजली बहाल हो सकी।

## निजी हाथों में जाने का खामियाजा

बिजली विभाग का मेंटनेंस, रूटिन लाइन वर्क और फ्यूज कॉल निजी हाथों में है। प्राकृतिक आपदा के समय बिजली विभाग की टीम एक्टिव हो जाती है लेकिन निजी कर्मचारियों से काम कराने में बिजली अधिकारियों के पसीने छूट चुके हैं। ठेकेदार की मनमानी के चलते कर्मचारी त्रस्त हैं, ऐसे में बिजली मरम्मत में समस्या सामने आ रही है। दरअसल ठेकेदार के कर्मचारियों को महज 10 हजार रूपए मिलते हैं, वहीं सिक्यूरिटी के तौर पर ना तो बिजली कंपनी उन्हें राशि दे रही है और ना ही ठेकेदार इसकी भरपाई कर पाता है। जिसके चलते लाइन सुधारने के लिए कर्मचारियों ने हाथ खींच रखा है।

## गर्मी से राहत, आसमान में छाने लगे बादल

राजस्थान से झारखंड तक बनी ट्रफ लाइन के असर से छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। जहां शनिवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, वहीं रविवार को तेज धूप निकली, हालांकि गर्मी का तापमान कमजोर रहा, हालांकि इस दौरान शाम होते ही आसमान पर काले घने बादल छाने लगे।



मौसम विभाग के अनुसार मौसम में परिवर्तन संभव है, आंधी-तूफान की गतिविधियों में धीरे-धीरे कमी आने के संकेत मिल रहे है। तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। बिलासपुर में अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पूर्वी मध्यप्रदेश और उससे लगे क्षेत्रों के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई पर ऊपरी हवा का चक्रवाती सिस्टम बना हुआ है। इसके साथ ही पूर्वी राजस्थान से पूर्वी झारखंड तक एक ट्रफ लाइन भी एक्टिव है, जो मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से होकर गुजर रही है। इसी सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश में गरज-चमक और हल्की बारिश हो रही है। कई हिस्सों में अगले 2 दिनों तक बहुत हल्की से हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। कुछ इलाकों में गरज-चमक, बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के आसार हैं।

## खबर संक्षेप

### गायक प्रवीण मेहता की संगीतमय प्रस्तुति आज



**बिलासपुर।** श्री श्री रविशंकर महाराज के दिव्य आशीर्वाद से द आर्ट आफ लिविंग का अनसंग एवरी डे हीरोज अवार्ड -2026 का आयोजन 11 मई को शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक लखीराम आडिटोरियम में किया जा रहा है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय आर्ट आफ लिविंग गायक प्रवीण मेहता अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के आयोजक ने बताया कि यह केवल एक सम्मान समारोह नहीं बल्कि उन गुमनाम प्रतिभाओं के प्रति एक कृतज्ञता है जिनकी निस्वार्थ सेवा और साधना हमारे समाज में हर दिन प्रेरणा की एक नई लौ जलाती है।

### गर्ल्स कालेज के सामने पानी भरा



**बिलासपुर।** शहर में कुछ देर की बारिश ने ही निकासी की व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। शनिवार की शाम हुई एक घंटे की बारिश के बाद जीडीसी कालेज के सामने पानी का भारी जमाव हो गया है। जीडीसी कालेज के ठीक सामने जेल रोड मोड़ पर सड़क पर काफी पानी भरा हुआ है। चूंकि लिंक रोड से जेल रोड के लिए इस स्थान पर मोड़ है, जिससे बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस स्थान पर पानी की कोई निकासी नहीं है।

### मवेशी मुक्त सड़क पर बेखौफ घूम रहे मवेशी



**बिलासपुर।** शहर में मंगला चौक से महाराणा प्रताप चौक तक गौरव पथ कहलाने वाली सड़क को मवेशी मुक्त सड़क घोषित किया गया है। दिक्कत यह है कि इसे केवल कहने के लिए मवेशी मुक्त तो घोषित कर दिया गया है, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। चौबीसों घंटे भारी आवाजाही वाले इस मार्ग में दिन भर मवेशी घूम रहे हैं। पालतू व छोटे मवेशियों की बात तो छोड़ दी जाए बड़े-बड़े सांड को भी पकड़कर अन्यत्र शिफ्ट करने में नगर निगम के अमले को कोई दिलचस्पी नहीं है।

## आबंटन नहीं होने से हो रहीं जर्जर : किराया और प्रीमियम नहीं पटाया जा रहा

# खजाना भरने निगम ने बनवाईं कई जगह पर दुकानें, लेने वाला कोई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम अपना खजाना भरने के लिए शहर में कई स्थानों पर दुकानें बना रहा लेकिन लेने वाला कोई नहीं है। जो दुकानें आबंटित हो भी जा रही हैं उसका किराया और प्रीमियम नहीं पटाया जा रहा है। मजबूरी में आबंटन निरस्त करते हुए नए सिरे से टेंडर करना पड़ रहा है। इससे एक ओर जहां इन व्यावसायिक काम्प्लेक्स और दुकानों को पटाने में निगम की राशि खर्च हो रही तो दूसरी ओर खाली पड़े पड़े दुकानें खंडहर हो रहीं है। तिफरा हाईटेक बस स्टैंड, नूतन चौक, रपटा पार, गणेश चौक स्थित महिला समृद्धि बाजार, रिकांडो बस्ती, तिफरा बाजार, इमलीपारा और सिटी कोतवाली में बनीं दुकानें खाली पड़ी हैं।

### हाईटेक बस स्टैंड, नूतन चौक, रपटा पार, इमलीपारा और सिटी कोतवाली का है हाल



### नूतन चौक की 21 दुकानों के लिए नया टेंडर

नूतन चौक में बनाए गए व्यावसायिक काम्प्लेक्स की दुकानों और आफिसों को लीज पर देने के लिए निगम ने तीसरी बार टेंडर जारी किया है। इससे पहले जब आबंटन हुआ था तो कई दुकानों की राशि ही जमा नहीं हो सकी थी। आबंटन पाने वालों को निगम ने कई बार पत्र, स्मरण पत्र और नोटिस जारी आबंटन राशि जमा करने को कहा लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। दो साल पहले जब इन दुकानों का आबंटन हुआ था तो बोली लगाई गई थी। कई दुकानें 60 लाख से लेकर 80 लाख तक में बिकी थीं। उस दौरान दुकान लेने वालों ने एफडीआर राशि तो जमा की लेकिन आबंटित राशि जमा नहीं की गई। इसके बाद दुकानों के आबंटन को निगम द्वारा निरस्त कर दिया गया है। अब निगम ने नूतन चौक में बनाए गए व्यावसायिक काम्प्लेक्स की 21 दुकानों और आफिस को लीज पर आबंटन के लिए नए सिरे से टेंडर जारी किया है लेकिन लेने के लिए कोई नहीं पहुंच रहा क्योंकि निगम का किराया और प्रीमियम अधिक बताया जा रहा है।



### कई बार नोटिस दिया गया

नूतन चौक में बनाए गए व्यावसायिक काम्प्लेक्स की दुकानों और आफिसों को लीज पर देने के लिए निगम ने टेंडर जारी किया है। इससे पहले जब आबंटन हुआ था तो कई दुकानों की राशि ही जमा नहीं हो सकी थी। आबंटन पाने वालों को निगम ने कई बार पत्र, स्मरण पत्र और नोटिस जारी आबंटन राशि जमा करने को कहा, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

- **खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

### 90 लाख रुपए तक का किराया बाकी

इसी तरह महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए नगर निगम ने नेहरू नगर में 2008-09 में दो मंजिला काम्प्लेक्स का निर्माण कराया। इसके एवज में लाखों रुपए खर्च किए गए। 93 दुकानें महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए प्रदान किया गया। दुकान संचालकों ने लेकिन पिछले दस सालों से किराया जमा नहीं किया। इसके कारण करीब 90 लाख रुपए किराया बाकी है। 57 ऐसे बकायादार जिन्होंने वर्षों से किराया नहीं पटाया है, उनकी दुकानों के आबंटन को भी निरस्त किया गया है। इन सभी को भी कई बार नोटिस जारी कर किराया जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन ना तो जवाब दिया गया ना ही राशि जमा की गई।

### रपटा पार की 29 दुकानें भी सील की गई

रपटा पार चांटीडीह में निगम की दुकानों पर कब्जा कर कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की है। सभी अवैध कब्जों को खाली कराते हुए निगम ने इन दुकानों को सील कर दिया है। निगम के मुताबिक इन दुकानों को किसी को भी आबंटित नहीं किया गया था। इसके बाद भी सब्जी मंडी में दुकान लगाने वालों ने इन दुकानों में अपना सामान रखना शुरू कर दिया था। इस तरह की 29 दुकानों को निगम ने सील कर दिया है। निगम के मुताबिक अपोलो रोड से चिंगराजपारा चौक तक जो सड़क बन रही है उसमें से जो कब्जे हटाए जाएंगे उन्हें इन दुकानों में शिफ्ट किया जा सकता है।

# 18 किलो चांदी के जेवर से भरा पार्सल रास्ते में गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



दूसरे दिन भी नहीं मिला

- कोरियर ब्वाय की गाड़ी से गिरा पार्सल
- सराफा व्यापारी ने की शिकायत

डिलवरी के दौरान कोरियर ब्याय की गाड़ी से 18 किलो चांदी के जेवर से भरा पार्सल रास्ते में गिर गया। सराफा व्यापारी ने पार्सल गिरने की शिकायत कोतवाली थाने में की है। दूसरे दिन भी पार्सल नहीं मिल पाया है।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, सदरबाजार स्थित प्रतिमा ज्वेलर्स के संचालक अमितेश गुप्ता ने गुजराज राजकोट से कोरियर के माध्यम से चांदी के जेवर मंगाए थे। 9 मई को एडलर लाजिस्टिक के माध्यम से दो पार्सल में चांदी के जेवर शहर आए। कोरियर ब्याय दोनो पार्सल बोरी में बांधकर बाइक से उसे छोड़ने के लिए सदरबाजार प्रतिमा ज्वेलर्स जा रहा था। शिव टाकीज चौक से पुराना बस स्टैण्ड के पास 18 किलो चांदी के जेवर से भरा एक पार्सल रास्ते में गिर गया। डिलवरी ब्याय को पता नहीं चला और वह प्रतिमा ज्वेलर्स पहुंच गया। वहां जाकर देखा तो बोरी खुली थी और एक पार्सल गायब था। उसने एक चांदी के जेवर का पार्सल सराफा व्यापारी श्री गुप्ता को दिया और दूसरा पार्सल रास्ते में गिर जाने की जानकारी दी। सराफा व्यापारी श्री गुप्ता ने कोतवाली थाने जाकर पार्सल गिर जाने की लिखित शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने शिव टाकीज से पुराना बस स्टैण्ड तक सीसीटीवी फुटेज खंगाला, जिमें बोरी खुली हुई दिख रही है। बहरहाल दूसरे दिन भी जेवर से भरे पार्सल का पता नहीं चल पाया है।

## मिर्जापुर से 3.50 किलो सोने के जेवर लेकर लौटी पुलिस

राजकिशोर नगर के सराफा व्यापारी से लूट के मामले में सरकण्डा पुलिस यूपी मिर्जापुर में जब्त 3.50 किलो सोने जेवर लेकर लौट गई है।

राजकिशोर नगर निवासी सराफा व्यापारी संतोष तिवारी पर जानलेवा हमलाकर कीमती सोने के जेवर व कार लूट ली गई थी। यूपी मिर्जापुर पुलिस ने एनकांउटर कर 4 शूटरों को पकड़कर उनके पास से 3.50 किलो सोने के जेवर जब्त किया था। तीन दिन पहले सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या टीम के साथ जेवर लेने के लिए यूपी मिर्जापुर गए थे। कोर्ट के आदेश पर पुलिस टीम लूट के मामले में बरामद 3.50 किलो सोने के जेवर लेकर लौट गई है।

## सिम्स में निजी अस्पताल का खेल बिना सूचना ले गए मरीज



**बिलासपुर।** सिम्स में लामा का खेल चल रहा है निजी अस्पताल के दलाल परिजन को बताए बगैर मरीज को ले जा रहे है। ऐसा ही कुछ रविवार को भी देखा गया। जब छत से गिरे बुजुर्ग को डॉक्टरों से बिना पूछे निजी अस्पताल ले जाया गया। इसकी जानकारी परिजनों को मिलते ही हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार कुदुदंड निवासी दामोदर सिंह पिता छेदी लाल छत से गिर कर घायल हो गए, परिजनों ने उन्हें सिम्स में भर्ती किया, लेकिन दोपहर में दलालो ने अच्छे इलाज का झांसा देकर उन्हें निजी अस्पताल ले गए, इसकी जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। जिसके बाद परिजनों ने उन्हें ढूढने की कोशिश की और आखिरकार उन्हें वापस लाया गया। फिलहाल सिम्स में इलाज जारी है।

## निजी एयरलाइन्स कंपनियों के नहीं आने का भुगतना पड़ रहा खामियाजा

# फ्लाइट की खराबी से सीधी उड़ान को झटका, टिकट कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 3 मई से शुरू की गई है दिल्ली की सीधी उड़ान

दिल्ली की सीधी उड़ान को एक बार फिर झटका लगा है। फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी के चलते उड़ान रद्द कर दी गई, जिसके चलते 40 से अधिक यात्रियों को अपनी टिकट रद्द करनी पड़ी है। यह हाल तब है जब राज्य सरकार ने कुछ ही दिन पहले सीधी उड़ान देने का दावा किया था और प्रशासन ने भी तगड़ा प्रचार किया था।

रविवार शाम को दिल्ली के लिए सीधी उड़ान की शुरूआत की गई है, यह पहली नाइट लैंडिंग सेवा के तौर पर बिलासपुर एयरपोर्ट से शुरू की गई है।



उड़ान का दूसरा फेरा 10 मई को दिल्ली के लिए रवाना किया जाना था, लेकिन फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी के चलते एन मौके पर कैंसिल कर दिया गया है। यात्रियों को टिकट की राशि रिफंड की जाएगी। गंभीर बात यह है कि सालों की मांग व करोड़ों रूपए नाइट लैंडिंग में बहाने के बाद अलायंस एयर द्वारा फ्लाइट शुरू की गई है, लेकिन खटारा फ्लाइट में आए दिन होने वाली समस्याओं के चलते यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### ग्राउंडेड हो गई फ्लाइट

हवाई संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि अलाइंस एयर की फ्लाइट ग्राउंडेड हो गई है। जिसके चलते उड़ान रद्द की गई है। उड़ान रद्द होने से यह साबित होता है कि अलाइंस एयर खस्ताहाल फ्लाइट के सहारे हवाई सेवा दे रही है। ऐसे में बिलासपुर और अन्य एयरपोर्ट में बेहतर हवाई सुविधा नहीं मुश्किल है। एयरलाइंस के आधे से अधिक प्लान मेंटेनेंस के लिए ग्राउंडेड है। जिन फ्लाइटों को चलाया जा रहा है वह भी तकनीकी खराबी का सामना करती है। ऐसे में उड़ान सेवा को तगड़ा झटका लग रहा है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना रविवार को जारी रहा जिसमें मनोज श्रीवास, महेश दुबे, रामशरण यादव,मनोज तिवारी , दीपक कश्यप,संतोष पीपलवा, अमर बजाज, विजय वर्मा, ब्रह्मदेव सिंह ठाकुर,राम मनोहर, संदीप बाजपेई, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।



### निजी एयरलाइन्स को मिले मौका

यह बात सच है कि बिलासपुर से महानगरों के लिए कई लोगों को अच्छी हवाई सुविधा की जरूरत है, ट्रेनों की लेटलतीफी ने इस मांग को ओर भी बढ़ा दिया है, ऐसे में फ्लाइट के लिए निजी एयरलाइन्स कंपनियों को मौका दिया जाना, अब जरूरत बन चुकी है। राज्य सरकार ओपन टेंडर के माध्यम से निजी एयरलाइंस कंपनियों को आमंत्रित कर सकती है लेकिन महीनों से चल रही इस मांग पर अधिकारियों का ध्यान नहीं है। इंडिगो, फ्लाई 91, स्टार एयरवेज, स्पाइसजेट जैसी अन्य एयरलाइंस को बिलासपुर से उड़ान दी जा सकती है, और राज्य सरकार उन्हें सब्सिडी के तौर पर राशि देकर प्रोत्साहित कर सकती है।




## खबर संक्षेप

### कोनी में निःशुल्क गर्भाशय कैंसर जांच शिविर कल



**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर कुमार साहब स्व. दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कोनी द्वारा 12 मई मंगलवार को निःशुल्क गर्भाशय कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त संचालक सह चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भानु प्रताप सिंह ने बताया कि शिविर अस्पताल परिसर में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगेगा। शिविर में 35 से 55 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं की जांच की जाएगी। ऐसी महिलाएं जिन्हें असामान्य रक्तस्राव, सफेद पानी की समस्या, पेट दर्द अथवा मासिक धर्म संबंधी अनियमितताओं की शिकायत है, उन्हें जांच कराने की सलाह दी गई है। आवश्यकता अनुसार पैप स्मीयर जांच भी की जाएगी। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में शामिल है लेकिन समय पर पहचान और उपचार से इसे रोका जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन और छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) मेडिकल कॉलेज के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर में शामिल होने पंजीयन के लिए क्यूआर कोड जारी किया गया है। इच्छुक महिलाएं 11 मई की शाम 5 बजे तक अपना पंजीयन करा सकती हैं।

### शासन की योजनाएं पहुंच रहीं अंतिम व्यक्ति तक : तोखन




**बिलासपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत कोटा विकासखंड के ग्राम बानाबेल में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में जनसमस्याओं के निराकरण, योजनाओं के लाभ वितरण एवं हितग्राहियों से सीधा संवाद का प्रभावी आयोजन किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद तोखन साहू ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसी सोच के साथ गांव-गांव में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण और योजनाओं के लाभ के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। शिविर में कुल 169 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 152 मांग संबंधी और 17 शिकायत संबंधी प्रकरण शामिल रहे। इनमें मांग संबंधी 17 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा अन्य प्रकरणों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। शिविर में केंद्रीय मंत्री श्री साहू ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में यदि कहीं कोई अंतराल है, तो उसे दूर करते हुए सभी पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाया जाए।

### वर-वधु को 100 वां हेलमेट बांटकर बनाया कीर्तिमान

**बिलासपुर।** । बदलते दौर में जहां शादियों में महंगे और दिखावटी उपहारों का चलन बढ़ गया है, वहीं गुप्ता समाज ने एक ऐसी पहल शुरू की है जो सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि जिंदगी बचाने का संदेश भी दे रही है। अब दूल्हा-दुल्हन को उपहार में हेलमेट दिया जा रहा है, ताकि उनका वैवाहिक जीवन सुरक्षित और लंबा हो। छत्तीसगढ़ में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा के नेतृत्व में गुप्ता समाज ने यह अनोखी और सराहनीय पहल शुरू की है। इससे समाज के लोगों में सुरक्ष को लेकर जागरूकता आई है। समाज के लोग शादियों में पहुंचकर वर-वधु को हेलमेट भेंट कर रहे हैं और साथ ही सड़क सुरक्षा का संदेश भी दे रहे हैं। इस अवसर पर समाज के रामेश्वर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, रामकृष्ण गुप्ता, रमेश गुप्ता, धीरेन्द्र गुप्ता, आशीष गुप्ता, अजय गुप्ता, आनंद गुप्ता, लीला गुप्ता, लेखनी गुप्ता, दीपा गुप्ता, सुजाता गुप्ता, माधुरी गुप्ता, मधु गुप्ता सहित अन्य लोगों ने समाज द्वारा की जा रही इस पहल की सराहना की है।

## पालिटिक्स प्लस

### पार्षद अंचल ने मनाया मेयर विधानी का जन्मदिन



**बिलासपुर।** नगर निगम महापौर पूजा विधानी के जन्मदिवस के अवसर पर वार्ड क्रमांक 66 के पार्षद अंचल दुबे ने अपने साथियों के साथ महापौर निवास पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई प्रेषित की । इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक विधानी, वरिष्ठ पार्षद विजय ताम्रकार, एमआईसी सदस्य श्याम साहू, ज़ोन अध्यक्ष राजेश दुसेजा, वार्ड 66 के सह संयोजक गणेश वैष्णव, वार्ड के युवा प्रमुख राहुल कदम, भाजयुमो उत्तर मंडल सहकोषाध्यक्ष शिवांश शुक्ला, शशांक मिश्रा, पार्षद सहायक चिन्मय चिपड़े उपस्थित रहे ।

### बेलतरा विधायक सुशांत और मेयर पूजा ने की चादर पोशी

**बिलासपुर।** 5वाँ सालाना उर्स मुबारक के अवसर पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के साथ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ग्रामीण की ओर से दरगाह शरीफ़ में चादर पेश की गई। इस मुबारक मौके पर वक़्फ़ बोर्ड अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा (छग शासन) के अध्यक्ष डा सलीम राज एवं महापौर पूजा विधानी ने शामिल होकर उर्स की रौनक बढ़ाई। दरगाह कमेटी के अध्यक्ष राजू मेमन बाबा, बंटी खान, तावड़कर अंकल, युवराज, महेश चंद्रिकापुरे, भुट्टोराज एवं मनीष अग्रवाल आदि मौजूद थे। साथ ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष फैजान अहमद शैबू, प्रदेश मंत्री तौसीफ खान, भाजपा जिलाध्यक्ष बिलासपुर ग्रामीण मुशर्रफ खान, मनिहार मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष वसीम चौधरी, सिकंदर ख़ान, शाहिद ख़ान, सानुल ख़ान, हनीफ़ ख़ान, वासित अली, एजाज खान, मंडल अध्यक्ष निसार बेग, मंडल उपाध्यक्ष दानिश, अब्दुल रहमान बेग, अरबाज खान, बिट्टू पटनवार, नीलेश पटेल, जाफर भाई, शैफ़ू खान, हिमायतुल्लाह एवं साजिद आदि मौजूद रहे।

---

**बालक-बालिकाओं के लिए भी बनेगा हॉस्टल** | **कार्य के पूरा होने के बाद खिलाड़ियों को नए ग्राउंड की मिलेगी सुविधाएं**

# 30 करोड़ की लागत से बन रहे स्पोर्ट्स कामपलेक्स का काम शुरू



**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने एक नए इंडोर स्टेडियम का निर्माण करने करने के लिए 30 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं, राशि स्वीकृति के बाद स्टेडियम का निर्माण कार्य सेकेरसा स्टेडियम के बगल में शुरु कर दिया गया है। इस कार्य के पूरा होने के बाद खिलाड़ियों को भी नए ग्राउंड की सुविधाएं मिलेगी, जिसमें बालक-बालिकाओं के लिए हॉस्टल भी बनाया जाएगा।

बिलासपुर रेल मंडल को एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड बनाए जाने के लिए 12 साल पहले रेलवे बोर्ड ने साढ़े 7 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी। बजट में मिली एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड की राशि की घोषणा के बाद रेल प्रशासन ने जगह की तलाश कर रहा था। काफी खोजबीन करने के बाद रेलवे बाक्सिंग ग्राउंड सेकेरसा स्टेडियम के बगल में खाली जगह पर एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान बनाने का निर्णय हुआ, लेकिन तकनीकी कारणों से ग्राउंड बनाने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। रेलवे बोर्ड ने बिलासपुर रेलवे को दी गई राशि दूसरे रेलवे को ट्रांसफर कर दी। इसके कारण शहर और रेलवे के हॉकी खिलाड़ियों को काफी निराशा हुई। एक बार फिर रेल प्रशासन की ओर से सेकेरसा स्टेडियम के बगल में एक आलीशान ग्राउंड बनाने का निर्णय लिया है। रेलवे क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए एनईआई के अलावा सेकेरसा और बाक्सिंग ग्राउंड बने हुए हैं, जहां बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबाल, टेबल टेनिस, स्वीमिंग, स्केटिंग, कैरम, बाक्सिंग व अन्य खेलों की सुविधा दी जा रही है। रेल प्रशासन समय-समय पर ग्राउंड के मेंटनेंस भी करती है। इसके साथ ही रेलवे बोर्ड के आदेश पर एक मल्टी स्पोर्टस काम्पलेक्स का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है, जिसे 30 करोड़ रुपए की लागत से सेकेरसा स्टेडियम के बगल में खाली जमीन पर बनाया जा रहा है। इसमें स्वीमिंग पुल, लॉन टेनिस, बास्केटबॉल, सिंथेटिक ट्रैक एथलेटिक्स के अलावा 400 बेड के हॉस्टल की सुविधा भी खिलाड़ियों को मिलेगी।

### काटे गए चार दर्जन से अधिक पेड़

इस ग्राउंड के अलावा बिलासपुर रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित करने का कार्य भी किया जा रहा है। ग्राउंड और स्टेशन डेवलपमेंट कार्य से पहले बिलासपुर रेल मंडल के पूर्व डीआरएम ने अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बिलासपुर रेलवे स्टेशन सहित आसपास का निरीक्षण व सर्वे किया है। इस सर्वे में एक सड़क का चौड़ीकरण भी शामिल है। इंडोर स्टेडियम का निर्माण करने के लिए पहले चार दर्जन से अधिक हरे-भरे पेड़ों को चिन्हांकित करने के बाद कुल्हाड़ी चला दी गई है।

### दूसरे जोन में गई एस्ट्रोटफ की राशि

इंडोर स्टेडियम के लिए जिस स्थान पर 30 करोड़ रुपए की राशि रेलवे बोर्ड ने आबंटित की है। वहां जोनल का आफिस खोलने की मांग की जा रही थी, जिसे रेल प्रशासन के अफसरों ने इंकार कर दिया। सालों पहले भी इसी स्थान पर एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान के लिए रेलवे बोर्ड की ओर से सात करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई थी। जगह चिन्हांकित करने के बाद सर्वे भी पूरा कर लिया गया, लेकिन कई दिन तक रेल अफसरों के काम नहीं किए जाने के कारण सात करोड़ रुपए की राशि रेलवे बोर्ड ने दूसरे जोन में ट्रांसफर कर दिया।

### ग्राउंड की संख्या में होगी बढ़ोतरी

सेकेरसा के बगल में इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। यह कार्य खेल विभाग से संबंधित है। खेल विभाग की ओर से इस कार्य को किया जा रहा है, जिसके पूरे होने के बाद खिलाड़ियों को भी काफी सुविधाएं मिलेगी, वहीं रेलवे क्षेत्र में ग्राउंड की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो जाएगी।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

**योजनाओं की दी जानकारी, ग्रामीणों से की चर्चा**

# प्रभारी सचिव ने कोटा के दूरस्थ गांवों का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपर मुख्य सचिव एवं बिलासपुर जिले के प्रभारी सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने शनिवार को आदिवासी बहुल कोटा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम बानाबेल, खैरझिट्टी और सेमीपाली का दौरा कर विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन, मजदूरी भुगतान और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली।

कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल भी दौरे में साथ थे। प्रभारी सचिव श्री पिंगुआ ने ग्राम बानाबेल में मनरेगा अंतर्गत प्रगतिरत खैरी तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। लगभग 9.50 लाख रुपए की स्वीकृति से संचालित इस कार्य में आज 36 मजदूर तालाब खुदाई में लगे हुए थे तथा अब तक लगभग 4 लाख रुपए का कार्य पूर्ण हो चुका है। श्री पिंगुआ ने मौके पर मौजूद मजदूरों से चर्चा कर कार्य की प्रगति, मजदूरी भुगतान और कार्यस्थल की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि तालाबों का संरक्षण और संवर्धन ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं कृषि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से पेयजल, आजीविका और अन्य स्थानीय आवश्यकताओं पर भी चर्चा की तथा अधिकारियों को आवश्यक पहल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने दारसागर में संचालित आदि सेवा केंद्र का अवलोकन कर वहां उपलब्ध सेवाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

श्री पिंगुआ ने ग्राम खैरझिट्टी एवं सेमीपाली के बैगा मोहल्ला पहुंचकर प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों से बातचीत कर आवास निर्माण की गुणवत्ता, सुविधाओं और योजना से मिले लाभ की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का भी जायजा लिया।

---

# एक सप्ताह में दो लाख मकानों का आंकड़ा पार कर गए प्रगणक

**जनगणना कार्य के लिए फील्ड पर तैनात चार हजार कर्मचारियों का अमला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

1 मई से डोर-टू-डोर जनगणना कार्य शुरू हुआ है और सप्ताहभर में ही प्रगणकों ने 2 लाख मकानों का आंकड़ा पार कर लिया है। मतलब गणनाकर्ता उतने घरों में पहुंचकर जनगणना तहत जानकारी भर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में बिलासपुर पहला जिला है जहां पर जनगणना का 15 प्रतिशत कार्य सप्ताहभर में ही हो गया है।

- **डोर-टू-डोर पहुंच रहे गणनाकर्ता**

भारत सरकार द्वारा पहली बार राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर अद्यतन सर्वे कार्य मोबाईल ऐप के जरिए डिजिटल जनगणना कार्य कराया जा रहा है। डिजिटल जनगणना के तहत मकानों का सर्वे और नंबरिंग पहले किया गया, जिसमें 700-800 जनसंख्या के बीच मकानों का जनगणना ब्लॉक बनाया गया। इसी ब्लॉकवार मकानों का जनगणना कार्य प्रगणकों को दिया गया है। इस जनगणना कार्य में 4 हजार से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों का अमला लगाया गया है। इसमें 71 फील्ड प्रशिक्षक बनाए गए हैं। इसी तरह 3 हजार 171 गणनाकर्ताओं की डयूटी लगाई जा रही है और 329 प्रगणक रिजर्व में रखें गए हैं। इस तरह कुल गणनाकर्ताओं की संख्या 3500 हैं, जबकि 539 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं और 65 पर्यवेक्षक रिजर्व में रखें गए हैं। इस तरह रिजर्व मिलाकर जनगणना कार्य में कुल 4104 अधिकारियों-कर्मचारियों का अमला लगाया गया है। 1 मई से गणनाकर्ता डोर-टू-डोर पहुंच रहे हैं और जिले में जनगणना कार्य की प्रगति ठीकठाक है। छत्तीसगढ़ में जनगणना का 15 प्रतिशत काम करके बिलासपुर जिला आगे चल रहा है और अभी तक 2 लाख से अधिक मकानों तक जानकारी जुटाने प्रगणक पहुंच चुके हैं। जिला प्रशासन द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार जनगणना कर्मचारी घर-घर जाकर आवश्यक जानकारी जुटा रहे हैं इससे पहले सर्वे का काम भी पूरा कर लिया गया था। प्रशासन द्वारा कर्मचारियों को जनगणा के संबंध में प्रशिक्षण देकर शासन की योजनाओं को पूरा करने कहा है।

### मोबाइल एप जरिए पूछे जा रहे 33 प्रश्न

डिजिटल जनगणना के पहले चरण में 1 मई से प्रगणक घर-घर पहुंच रहें हैं और उनके द्वारा मकान में रहने वाले लोगों से 33 प्रश्न पूछकर जानकारी मोबाइल एप में भरी जा रही है। इसमें घर के मुखिया का नाम, जेंडर और कैटेगरी, घर का मालिकाना हक और रहने वाले कमरों की संख्या, पीने के पानी का मुख्य स्त्रोत, शौचालय का प्रकार, एलपीजी, पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता तथा घर में मौजूद एसेट्स रेडियो, टीवी, इंटरनेट, लैपटाप, वाहन और मुख्य रूप से उपभोग किए जाने वाले अनाज आदि की जानकारी भरी जा रही है।

### नपं मल्हार में एक सप्ताह में काम पूर्ण

जनगणना कार्य के लिए 26 चार्ज बनाए गए हैं जिनमें 12 तहसील, 6 नगरीय निकायों और नगर निगम के 8 जोन को चार्ज बनाया गया है। जिले में जनगणना का 15 प्रतिशत से अधिक कार्य हो गया है जबकि नगर पंचायत मल्हार में काम पूरा हो गया है। जनगणना तहत जो काम 30 मई तक पूर्ण करना था उसे जनगणना कार्य में लगे अमला द्वारा 7 मई को ही पूरा कर लिया गया है। बिलासपुर तहसील सहित नगर निगम भी जनगणना कार्य में स्टेट में आगे चल रहा है।

---

# बारिश से खड़ी फसल को लाभ कटी फसल को बड़ा नुकसान

**बिलासपुर।** मौसम में अचानक आए बदलाव के प्रभाव से हो रही बारिश ने रबी की फसल को खासा प्रभावित किया है। इसके अंतर्गत गर्मी में धान की फसल लेने वाले ऐसे किसान, जिन्होंने अभी तक धान की कटाई नहीं की है, उनके लिए बारिश फायदेमंद है। इसके विपरीत जिन किसानों ने फसल काट ली है, उनके लिए बारिश बड़ा नुकसान साबित हो सकती है।

- **लगातार हो रही बारिश से रबी की फसल पर मिलाजुला असर**

सिस्टम के असर से बीते दस दिनों से जिले के मौसम में आए बदलाव के प्रभाव से अचानक हो रही बारिश ने भीषण गर्मी से तो निश्चित रूप से राहत दी है, लेकिन किसानों को थोड़ा परेशान भी कर दिया है। जानकारों के अनुसार गर्मी के धान की ऐसी फसल जो अभी पकने की स्थिति में है, उसे बारिश से भरपूर लाभ मिलेगा। इसके विपरीत जिन पौधों की कटाई की जा चुकी है या फसल पूरी तरह पककर तैयार है और कटाई-मिसाई का इंतजार है। इस स्थिति में किसानों को निश्चित रूप से नुकसान हो सकता है। इसी तरह सब्जी की फसल लेने वाले किसान, विशेषकर किसी भी तरह की भाजी लगाने वालों को भी बारिश से नुकसान की संभावना है।

### 9 हजार हेक्टेयर में ली गई है धान की फसल

कृषि विभाग के अनुसार जिले में इस साल रबी के सीजन में 9 हजार हेक्टेयर रकबे में गर्मी का धान लिया गया है। बीते साल यह आंकड़ा 12 हजार हेक्टेयर का था। पानी की लगातार कमी को ध्यान में रखते हुए कुछ किसानों के द्वारा गर्मी का धान लेने का इरादा बदल दिया गया, जिससे धान के रकबे में तीन हजार हेक्टेयर की कमी आ गई। हालांकि इस साल भी भीषण गर्मी के कारण जलस्तर नीची जाने से पानी की भारी किल्लत प्रारंभ हो चुकी थी।

### जिला उद्योग संघ की सभा आज

**बिलासपुर।** जिला उद्योग संघ की विद्युत सप्लाई की गंभीर समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता एवं समस्त औद्योगिक प्रक्षेत्र सिलपहरी,सिरगिट्टी सेक्टर एबीसी एवं तिफरा के इंचार्ज सभी अफसरों के साथ 11 मई को सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह सभा शाम 4 बजे से मुख्य अभियंता कार्यालय तिफरा में होगी। जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह एवं महासचिव शरद सेक्सना ने सिलपहरी, सिरगिट्टी तिफरा के सभी उद्योग पतियों से विद्युत सप्लाई की समस्या को लेकर आयोजित इस सभा में शामिल होने का अनुरोध किया है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में बिजली सप्लाई की समस्या प्रतिदिन बनी रहती है, इस दूर करना आवश्यक है।

# अरपा नदी के किनारे 20 हजार पौधे लगाए जाएंगे



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड कोटा परियोजना मंडल बिलासपुर द्वारा पिछले पांच वर्षों में पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र विस्तार की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं।

वर्ष 2025-26 में अरपा नदी किनारे 3.620 हेक्टेयर क्षेत्र में 20 हजार 300 पौधों का रोपण किया जाएगा। इसमें मियाबाकी पौधरोपण, ब्लॉक पौधरोपण एवं रामसेतु क्षेत्र के किनारे पौधरोपण शामिल हैं। इस पहल से नदी तटों के कटाव नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण तथा शहरी हरियाली बढ़ाने में मदद मिलेगी। वन विकास निगम के इन सतत प्रयासों से बिलासपुर क्षेत्र में हरित आवरण का विस्तार हुआ है। निगम द्वारा संचालित पौधरोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के है। वर्ष 2021 से 2025-26 के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यापक पौधरोपण करते हुए कुल 951.980 हेक्टेयर क्षेत्र में 27 लाख 14 हजार 350 पौधों का रोपण किया गया। वन विकास निगम द्वारा नियमित पौधरोपण कार्यक्रम के तहत 66 कक्षों में 852 हेक्टेयर क्षेत्र में 21 लाख 30 हजार पौधे लगाए गए। इसमें मुख्य रूप से सागौन प्रजाति का रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त क्लोनल सागौन अंतर्गत 1 हेक्टेयर में 2 हजार 500 पौधे तथा क्लोनल नीलगिरी के तहत 90 हेक्टेयर क्षेत्र में 2 लाख 25 हजार पौधों का रोपण किया गया।

बारहवीं पुण्यतिथि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



स्व. कृष्ण कुमार तिवारी जी
(मन्ना भईया)

जन्म: 15/12/1932 निर्वाण: 11/05/2014

श्रेष्ठ पुरुष जैसा आचरण करते है,
जन मानस उसका वैसा अनुशरण करते हैं।
वे जो कुछ प्रमाणित कर देते हैं,
समस्त मनुष्य उसी के अनुरूप कार्य करते हैं।

आपके स्थापित जीवन मूल्य हमारा पथप्रदर्शक और
आपकी प्रेरणा हमारा उद्देश्य है...

श्रद्धावनत् गौरव तिवारी, शिल्पी तिवारी एवं समस्त तिवारी परिवार


मेरे आदरणीय, बड़े भैय्या
मा. श्री राधेश्याम राठिया जी
सांसद, रायगढ़ लोकसभा
सदस्य- संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी समिति
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मोन्टी मिश्रा
उत्तर मण्डल सोशल मिडिया सह प्रभारी
मा. श्री राधेश्याम राठिया जी
सांसद, रायगढ़ लोकसभा
सदस्य- संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी समिति
शिवा माली
भारती माली
सभापति- जिला पंचायत बिलासपुर
चंचल सलूजा
मुकेश पटेल
रायगढ़
संजय मिश्रा
विकास माली
डंकेश्वर राठिया
चौवल प्रसाद राठिया
डब्बू हाईड
सौजन्यः मोन्टी अमितेश मिश्रा, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### आज विद्यार्थियों का सम्मान करेंगे डिप्टी सीएम साव

**लोरमी।** जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में 11 मई सुबह 10 बजे कबीर भवन में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव विधानसभा क्षेत्र के 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान करेंगे। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के 65 स्कूल के लगभग साढ़े तीन सौ बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

### तखतपुर में सुबह 10 से 5 बजे तक बंद रहेगी बिजली

**तखतपुर।** सोमवार 11 मई को तखतपुर नगर में अतिक्रमण हटाओ कार्यक्रम के तहत विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त जानकारी रक्षित दुआ ने दी।

### झोराघाट में हुड़दंग, दो दर्जन बाइक जब्त

**कोरबा।** रविवार को झोराघाट में हुड़दंग मचाने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो दर्जन से अधिक बाइक जब्त कर ड्रिंक एंड ड्राइव का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार हसदेव नदी पर बसा प्राकृतिक झोराघाट पिकनिक स्पॉट हर साल गर्मियों में विवादों का केंद्र बन जाता है। कटघोरा का खूबसूरत झोराघाट गर्मी आते ही बदनाम हो जाता है। हर साल अप्रैल से जून तक यहां पिकनिक मनाने के नाम पर बाहर से आने वाले हुड़दंगियों का कब्जा हो जाता है। नशा, गाली-गलौज, तेज डीजे और मारपीट आम बात है। सबसे ज्यादा परेशान हैं झोराघाट से सटी बस्ती के लोग हैं। रविवार को फिर हुई घटना के बाद ग्रामीणों का सब्र टूट गया है। उनका कहना है हमारे बच्चे-महिलाएं घर से निकलने में डरते हैं। अप्रैल से जून तक कोरबा, दीपका, कुसमुंडा, चांपा और बिलासपुर से सैकड़ों युवक यहां पहुंचते हैं लेकिन पिकनिक की आड़ में शराबखोरी, हुड़दंग और मारपीट का ऐसा दौर चलता है कि स्थानीय लोग त्रस्त हो चुके हैं। यहां के ग्रामीणों का कहना है कि सुबह 10 बजे से गाड़ियों में डीजे बजाते हुए लड़कों का ग्रुप आने लगते हैं। शराब पीकर झरने में उतर जाते हैं और हंगामा करते हैं। रविवार को भी इसी तरह का नजारा था जहां सैकड़ों की संख्या में फर्राटेबाज युवक पहुंचे थे। पुलिस की टीम ने मौके पर छापेमारी की कार्यवाही की जहां पुलिस के आते ही ज्यादातर युवक इधर उधर से भाग निकले।

## निधन

### सुनील शिवदासानी



**बिलासपुर।** शीला अपार्टमेंट, राजकिशोर नगर निवासी स्व. लक्ष्मण दास शिवदासानी के पुत्र सुनील शिवदासानी का निधन हो गया। उनका 10 मई को तोरवा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे विजय कुमार, महेश कुमार, राहुल, विक्की, दिलीप, मनोज, सुमित, मनीष, दीपक एवं रिंकू के भाई थे।

### नारायणदास धनवानी



**बिलासपुर।** बृहस्पति बाजार रोड राजेंद्र नगर निवासी नारायणदास धनवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 मई को सुबह 11 बजे उनके निवास से झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिंधी कॉलोनी के लिए निकलेगी। वे स्वर्गीय केसुमल के सुपुत्र, शंकरलाल धनवानी के भाई, करतार धनवानी के पिता थे।

### रामबहोरिक कौशिक



**बिलासपुर।** ग्राम ढनढन निवासी रामबहोरिक कौशिक का 10 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम ढनढन में किया गया। वे सविता कौशिक के पति एवं गोविन्द, मनी कौशिक के भाई, अनुराग चिक्कू, ममता कौशिक के पिता थे।

### सीता साहू



**बिलासपुर।** कस्तूरबा नगर निवासी पुलिस विभाग में पदस्थ उप निरीक्षक का निधन हो गया। वे 57 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 11 मई को सुबह 11 बजे कस्तूरबा नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भुनेश राम साहू की पत्नी, जीवन साहू की बहन तथा भूपेन्द्र साहू, नीलू साहू एवं प्रवीण साहू की माता थीं।

---

## मुख्यमंत्री ने दी 353 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

# संवेदनशीलता और सुशासन विकास की मुख्य अवधारणाः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सुशासन को मजबूत बनाने और आमजनों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार के तहत रविवार को मुंगेली जिला ऐतिहासिक विकास सौगातों का साक्षी बना। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होकर जिले को 353 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री साय ने जिले में 353 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, इनमें 152 करोड़ 02 लाख रूपये से अधिक के 284 कार्यों का लोकार्पण एवं 201 करोड़ 56 लाख रूपए से अधिक के 130 कार्यों का शिलान्यास शामिल है, इससे जिले में इन्फ्रास्ट्रक्चर से जनसुविधाओं तक शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल सहित बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।

- 414 कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास
- छात्रावास भवन सहित अन्य विकास कार्यों के लिए 55 लाख रूपए की घोषणा की

जिला मुख्यालय स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वाणिज्य एवं उद्योग, श्रम, आबकारी तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत मुंगेली अध्यक्ष कांत पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत आमजनों से सतत सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान करने प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के समुचित विकास एवं जनकल्याण एवं सुशासन के संकल्प के साथ जिले को नई ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मुंगेली जिले को 353 करोड़ से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण से जिले के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज मुंगेली जिले में भक्ति की प्रतीक माता कर्मा की मूर्ति, मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले बाबा गुरु घासीदास की मूर्ति और संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा तथा शक्ति, शौर्य और त्याग के प्रतीक महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया गया, जिससे जिले का गौरव बढ़ा है। उन्होंने नवागढ़ रोड में वीरांगना रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थापना के लिए 25 लाख रुपये, मुंगेली में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के लिए भवन, मेला नवागांव में बाउंड्रीवाल एवं प्रवेश द्वार के लिए 20 लाख रुपये तथा सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही चिकित्सा महाविद्यालय की मांग को पूरा करने के लिए आश्वस्त किया।

उन्होंने कहा कि सुशाान तिहार के अंतर्गत आमजनों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है और जनसमस्याओं का समयबद्ध निराकरण नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही भी की जा रही है। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने 353 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की सौगात के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के समापन में अतिथियों का जिला प्रशासन की ओर स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संभागायुक्त सुनील जैन, आईजी बिलासपुर रामगोपाल गर्ग, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, डीएफओ अभिनव कुमार, उपसंचालक एटीआर गणेश यू.आर., अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।





कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले।

### इन कार्यों का किया लोकार्पण

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने पुष्प वाटिका एवं चौपाटी, नहर, एनीकट, लाइवलीहुड कॉलेज भवन पहुंच मार्ग, मुंगेली भटगांव पहुंच मार्ग सहित अन्य सड़कों, विभिन्न ग्रामों में निर्मित महतारी सदनों, छात्रावासों, जल जीवन मिशन के कार्यों, सामुदायिक भवनों, विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्मित अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों, प्राथमिक शाला भवनों, सांस्कृतिक मंचों, सीसी सड़कों, अमृत सरोवरों में विभिन्न कार्य, विभिन्न ग्रामों के आंगनबाड़ी भवनों सहित अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। इसी तरह विभिन्न ग्रामों में सीसी सड़कों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सड़क मार्गों, विभिन्न ग्रामों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों, मुंगेली नगर पालिका में एसटीपी सहित अन्य वार्डों में तालाब सौंदर्यीकरण, फुटपाथ निर्माण, पुल निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोतिमपुर, लालपुरथाना, लोरमी, पथरिया और सरगांव का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण भी किया।

### जनता के हित में निर्णयः साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सरकार जनता के दुख-दर्द को समझकर त्वरित निर्णय ले रही है। मोदी की गारंटी को अमली जामा पहनाना प्राथमिकता में शामिल है। सुशासन और सबका विकास सरकार का मापदंड है। विकास का मतलब हर नागरिक के जीवन स्तर में सुधार लाना है, और विकास करना है। प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मुंगेली जिला लगातार विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने जिले को मिली विकास कार्यों की सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। विधायक मोहले ने जिले में विकास कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### हितग्राहियों को सामग्री वितरित

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर लाभान्वित भी किया। साथ ही बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के 4 विद्यार्थियों अंशुल शर्मा, नंदिता देवागंन, हेमा साहू और चैतूराम साहू को लैपटाप प्रदान कर बधाई दी। मुख्यमंत्री साय ने विभिन्न योजनाओं के 282 से अधिक हितग्राहियों को सामग्री प्रदान कर लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने पीएम आवास योजना के 10 हितग्राहियों को आवास की चाबी, मनियारी बैराज योजना के तहत डूबान क्षेत्र से प्रभावित 175 परिवारों को प्रतिकात्मक चेक, 65 हितग्राहियों को मछली जाल व आइस बाक्स, दलहन मिशन अंतर्गत 10 किसानों को मिनी किट, ऑयल पाम योजनांतर्गत 3 हितग्राहियों को 1 लाख 50 हजार रूपए, श्रम विभाग अंतर्गत 5 श्रमिकों को 1 लाख रूपए सहित अन्य हितग्राहियों को सामग्री प्रदान कर लाभान्वित किया।

---



## कनौजिया समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान

**मोपका।** कनौजिया रजक समाज सेवा समिति संभाग बिलासपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लक्ष्मीकांत निर्णेजक, महासचिव शाखाराम निर्मलकर एवं कोषाध्यक्ष हरिशंकर उजागर ने समाज के वरिष्ठजनों के साथ परसदा, भटगांव, बिल्हा परिक्षेत्र के ग्राम मुख्यालय रहंगी एवं वेद परसदा परिक्षेत्र के ग्राम महमंद पहुंच कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित कर वैदिक सनातन परंपरा के अंतर्गत गौरवशाली सामाजिक परंपरा का निर्वहन किया। कार्यक्रम में समाजजनों ने नवपदाधिकारियों का पुष्पहार, शाल एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय अभिनंदन व सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान समाजहित एवं संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मेडिकल टीम ने मनाया मदर्स डे



**लोरमी।** मदर्स डे के अवसर पर लोरमी मेडिकल टीम ने कार्यक्रम का आयोजन किया। टीम के सदस्यों ने माताओं का चरण छूकर आशीर्वाद लिया गया और उन्हें श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर टीम के प्रमुख अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, उपाध्यक्ष जीवन साहू, कोषाध्यक्ष अवधेश राजपूत, मुकेश कश्यप, हरीश देवांगन, जितेंद्र राजपूत मौजूद रहे।

## खोंधरा जंगल में 9 महीने में 7 चीतलों की मौत

### वन विभाग की लापरवाही, शिकारियों का ठिकाना बना वन क्षेत्र



**सीपत।** सीपत क्षेत्र के खोंधरा जंगल में बोइर पड़ाव के पास शुक्रवार को फिर एक नर चीतल मृत अवस्था में मिला। सुबह घूमने पहुंचे पर्यटकों की नजर सड़क से कुछ दूरी पर पड़े चीतल पर पड़ी, पास जाकर देखने पर वह मृत मिला। इसके बाद पर्यटकों ने तत्काल वन विभाग के उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और डॉक्टर से पोस्टमार्टम कराया गया। प्रारंभिक तौर पर मौत की वजह कुत्तों का हमला बताया जा रहा है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि, जिस स्थान पर चीतल मृत पड़ा था, वहां से वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी लगातार आवाजाही करते हैं, फिर भी उन्हें मृत वन्यजीव नजर क्यों नहीं आया। पशु प्रेमियों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक पिछले 9 महीनों में सीपत, सोंठी और खोंधरा क्षेत्र के जंगलों में कुत्तों के हमले से अब तक 7 चीतलों की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद वन विभाग कोई ठोस व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। डेढ़ माह पूर्व सोंठी जंगल मे जिस मादा चीतल की मौत हुई थी वह गर्भवती थी।

**जंगल बना शिकारियों का सुरक्षित ठिकाना-** ग्रामीणों का कहना है कि, खोंधरा जंगल में सबसे ज्यादा शिकार की घटनाएं होती हैं। कोरबा, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा समेत आसपास के क्षेत्रों से शिकारी यहां पहुंचते हैं। रात के अंधेरे में खुलेआम बंदूक लेकर जंगल में घुसना और चीतल, कोटरी, जंगली सुअर सहित कई जानवरों का शिकार कर आसानी से निकल जाना शिकारियों के लिए आम बात हो गई है।

#### पानी की तलाश में बस्ती की ओर आते हैं

सैकड़ों एकड़ में फैले बिलासपुर रेंज के इस बड़े जंगल में पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। गर्मी बढ़ने के साथ चीतल, कोटरी समेत अन्य वन्यजीव पानी की तलाश में गांवों और बस्तियों के आसपास बने तालाब, डबरी और नालों तक पहुंच जाते हैं। वहीं पहले से घात लगाए आवारा कुत्ते उन पर हमला कर देते हैं।

#### कई मौतों का राज जंगल में ही दफन

ग्रामीणों का आरोप है कि, जंगल में कई वन्यजीवों का शिकार करंट लगाकर या बंदूक से किया जा रहा है, ज्यादातर चीतल का शिकार कुत्तों के हमले से भी हो रहा, लेकिन अधिकांश मामले सामने ही नहीं आ पाते। जो घटनाएं आम लोगों की नजर में आ जाती हैं, उनमें विभाग पोस्टमार्टम कर औपचारिकता पूरी कर देता है, जबकि कई मामलों को जंगल में ही दफन कर दिया जाता है। मामले में खोंधरा सर्किल के नवपदस्थ डिप्टी रेंजर नागेंद्र दत्त मिश्रा से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।




## मां हर विपरीत परिस्थिति में बच्चों के साथ खड़ी रहती हैं: शशिप्रभा

**मस्तूरी।** कोटमीसुनार ब्रह्माकुमारीज प्रभु अनुराग भवन भाठापारा में चल रहे सात दिवसीय 'बाल संस्कार शिविरः लक्ष्य' में रविवार को मातृ दिवस अत्यंत भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित माताओं का स्वागत करते हुए राजयोग शिक्षिका व गीता सार प्रवक्ता ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने कहा कि, मातृ दिवस का यह दिन हमारी कर्तव्यों की स्मृति हमें दिलाता है। स्वच्छ एवं स्वस्थ परिवार के लिए माता की भूमिका हमेशा से सराहनीय रही है। मां मानव के संस्कारों की सृजनकर्ता व प्रथम गुरु है।

- ब्रह्माकुमारीज कोटमीसुनार में स्नेह मिलन कार्यक्रम

**बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां-** कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी को भावुक कर दिया। जागृति, स्नेहा, रीना, राधिका, शारदा ने 'शिव शक्ति शिव प्रिया तू' पर नृत्य एवं स्वागत गीत पर शालिनी रेखा अनुराधा संजना आरती नें नृत्य किया। वहीं छोटी उम्र के अंचल, वेदानशी, ईशा, विनीता ने भी सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

**5 दिन आगे बढ़ा शिविर-** कार्यक्रम के अंत में आगामी गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि, शिविर को बच्चों की उमंग और अभिभावकों की अनुरोध पर 5 दिन के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। शिविर का समापन 15 मई को विधिवत होगा, जिसमें बच्चों को उपहार प्रदान किए जाएंगे।

## सीपत-बलौदा मार्ग की बदहाली पर फूटा आक्रोश



**खम्हरिया/सीपत।** सीपत से कुली तक की जर्जर सड़क अब क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। बरसों से मरम्मत की राह देख रही इस सड़क की बदहाली को लेकर रविवार को ग्राम पंचायत खम्हरिया में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि, प्रशासन की वादाखिलाफी के खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

- 16 मई को कुली में चक्काजाम की चोतावनी

ग्रामीणों ने साफ कर दिया है कि, यदि 6 दिनों के भीतर सड़क निर्माण का कार्य घरातल पर शुरू नहीं होता है, तो आगामी 16 मई से क्षेत्र की जनता सड़कों पर उतरकर कोयला और राखड़ से लदे भारी वाहनों का अनिश्चितकालीन चक्काजाम करेगी। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि, सीपत से कुली स्थित लीलागर नदी तक का करीब 14 किलोमीटर का हिस्सा पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है। यह मार्ग जांजगीर, चांपा और कोरबा जैसे औद्योगिक शहरों को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां से चौबीसों घंटे भारी वाहनों का दबाव रहता है। सड़क की खस्ताहाली के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई निर्दोष लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार की लापरवाही के चलते आज तक काम शुरु नहीं हो सका है। रणनीति के तहत सोमवार 11 मई को क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण और जनप्रतिनिधि बिलासपुर कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। इस अल्टीमेटम के माध्यम से प्रशासन को सूचित किया जाएगा कि, मानसून आने से पहले यदि सड़क का निर्माण शुरु नहीं हुआ, तो 25 गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से पूरी तरह कट जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि, वे लंबे समय से केवल आश्वासन के भरोसे बैठे थे, लेकिन अब सब्र का बांध टूट चुका है। शनिवार 16 मई को कुली लीलागर के पास होने वाले इस विशाल चक्काजाम में कुली, ऊनी, कूकदा, निरतु, जेवरा, खोंधरा, मड़ई, लुतरा और खम्हरिया सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीण शामिल होकर नाकेबंदी करेंगे। बैठक मे प्रमुख रूप से खम्हरिया पूर्व सरपंच शरद दुबे, शत्रुहन लास्कर, देवेश शर्मा जनपद सदस्य लुतरा खम्हरिया।, श्वेता शैलेन्द्र खांडेकर अध्यक्ष, सरपंच संघ सीपत , वीरेंद्र लैहर्षण, फज्जू खान, फिरत अनंत, बलराम वस्त्रकार, देव साहू, लव गन्धर्व, उमा खरे, भास्कर कश्यप, श्रवण वस्त्रकार आदि सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक
1. श्रीमती संयोगिता ग्वाल पति स्व. सुभाष चन्द्र ग्वाल 2. शारौन ग्वाल पिता स्व. सुभाष चन्द्र ग्वाल 3. शशांक ग्वाल पिता स्व. सुभाष चन्द्र ग्वाल सभी निवासी - बी / 9 वार्ड न. 16, महात्मा गाँधी, एन.सी.एच. कॉलोनी, दीपका, कोरबा छ.ग.
जो कि 1. जयंती सिंह पति सुरेन्द्र सिंह पता- गुरु गोविन्द सिंह नगर सिरगिट्टी बिलासपुर छ.ग.
2. सुरेन्द्र सिंह पिता सोहन लाल सिंह पता- गुरु गोविन्द सिंह नगर सिरगिट्टी बिलासपुर छ.ग.
जिससे भूमि क्रय करने का सौदा तय हुआ हैजिसका खसरा नंबर 198/4 ग्राम-देवरीखुर्द, हल्का नं. 43, रा. नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. है। इस खसरे में 3009 वर्गफीट जमीन स्थित है।
इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालय का व अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति कर सकते हैं तथा उसके पश्चात की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।
सो सूचना जानें।

**तरशीश पाल**
**पता- हाउस नं. 283 वा.नं. 5**
**शरन नगर तखतपुर**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9753370310, 7415526391**

---

**कार्यालय प.ह.नं. 45**
**ग्राम सकरी रा.नि.मं. व तहसील सकरी**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन सूचना**

प्रति, 1. आवेदक/ आवेदिका राजकमल देवराज पिता राजकुमार 2. छोटेलाल 3. लालदास 4. दरसराम पनिक 5. NHAI बिलासपुर 6. सुरेश, दिनेश पनिक 7. संबंधित अन्य 8. दैनिक समाचार पत्र
विषय:- सीमांकन/स्थल जाँच / नक्शा बटांकन के समय उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार सकरी के ज्ञा. क्र. Q आदेश दिनांक 07.05.2026
संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम सकरी प.ह.न. 45 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा नंबर 318/11/ग रकबा क्रमश: 0.0400 हे. भूमि स्वामी राजकमल वगै. पिता राजकुमार निवासी सकरी के द्वारा सीमांकन/ स्थल जांच/ नक्शा बटांकन किये जाने हेतु आवेदन श्रीमान तहसीलदार सकरी के समक्ष प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ स्थल जांच / नक्शा बटांकन दिनांक 11.05.2026 को समय सुबह 08.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच किया जावेगा।
अत: आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अत: सूचना जाने।
टीप:- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच/ बटांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।
1. रा.नि.मं. सकरी को सादर सूचनार्थ।
2. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सादर सूचनार्थ।

**एस.पी. बर्मन**
**पटवारी ह.नं. 45, तहसील सकरी**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी**
**तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**-: सीमांकन सुचना / स्थल जाँच :--**

प्रति,
1. आवेदक अंशु पुरी पि.प्रवेश पुरी 2. त्रिभुवन इंफ्रा द्वारा दारा सिंह 3. रामप्रसाद पाण्डेय 4. सुभाष सिंह, 5. अयान डेवलपर्स एस.आर.साहू 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार।
**विषय:** सीमांकन स्थल जांच में उपस्थित रहने बाबत।
**संदर्भ:** न्यायलय तहसीलदार /अति.तह. ना.तह. के ज्ञापन दिनांक 23/09/2025
संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम हाफाँ प.ह.न. 44 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न.567/2 शा. 568/2 रकबा 0.197 एकड़/हेक्टेयर भूमि स्वामी अंशुपुरी पिता/पति प्रवेश पुरी निवासी बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ स्थल जाँच दिनांक 13/05/2006 को समय 11.00 से 6.00 बजे किया जावेगा
अत: आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अत: सुचना जाने।
**टिप:-** विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन / स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**सकरी**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका**
**तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक/ Q/सीमांकन / रा.नि./ 2024
बिलासपुर दिनांक-07/052026
प्रति,
1. आवेदक मिथलेश सिंह पिता स्व.करमवीर सिंह आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2.दिनेश चंद्र नाहटा 3. बिरबल चावला एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
**विषय:-** सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
**संदर्भ:-**न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ना. तह. /वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 27/03/2026
ग्राम बहतराई प0ह0न0 48 रा0नि0म0 मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं0 636/30, 636/31 रकबा 0.0371, 0.0371 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक मिथलेश सिंह निवासी अल्का एवेन्यु बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 22/05/26 को समय-10:00 से 05:00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 11 मई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन ने मनाया रवींद्र जयंती उत्सव

**बिलासपुर।** सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन के सदस्यों ने गुरुदेव रवींद्रनाथ के 165 वें जन्म वार्षिकी के अवसर पर रवींद्र जयंती उत्सव का आयोजन किया। इस दौरान टैगोर चौक में स्थापित गुरुदेव की प्रतिमा पर माला अर्पण कर उनके द्वारा रचित गीतों और कविताओं के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सदस्यों ने उनका स्मरण कर बताया कि पश्चिम बंगाल की सांस्कृतिक धारा के उपनदियों को एक विशाल नदी में परिवर्तित करने वाले रवींद्रनाथ ठाकुर ने प्रेम, सेवा , सहधर्मिता, उपासना, एकाग्रता की मानवीय गुणों से जीवन के अंत तक राष्ट्रीयता के माला में पिरोया है। यही धारा भारत वर्ष के सभी राज्यों में प्रवाहित होती रही है। बंगाल के बाहर बसे बंगाली समाज में भी इस दिन एक उत्साह और गुरुदेव के प्रति प्रेम, श्रद्धा से भरे वातावरण देखने को मिलता है। उनके गाए गीत-जोदी तोर डाक सुने केउ ना आसे, तोबे एकला चलो रे.. ने पूरे राष्ट्र में देश प्रेम और बलिदान की परंपरा निर्मित की है। अध्यक्ष बीसी गोलदार ने कहा कि उनकी कविताएं और गीतों ने भारतवासी के लिए प्रेरणा स्त्रोत तैयार किया है। जिसे आगे देश हित में बढ़ाने का काम सभी देशवासियों की है। सचिव असित वरन दास ने कहा गुरुदेव की रचनाओं ने बंगाली समाज के साथ पूरे विश्व को एक आलोकमय मार्ग दिखाया है। इस मौके पर सुजीत मित्रा, देवाशीष सरकार, अनीता गोलदार, अशोक बोस, सौविक दासगुप्ता, जयंत भद्रा, प्रबीर घोष उपस्थित रहे।



कार्यक्रम

## पंचतत्व चिकित्सा शिविर में लोगों ने लिया लाभ



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अंतर्गत विकास गतिविधि के द्वारा एक दिवसीय पंचतत्व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शरीर के पांच तत्व को संतुलित करने के उपाय बताए गए। प्रकृति आधारित पांच तत्व के संतुलन से शरीर स्वस्थ और निरोगी बनाया जा सकते हैं। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में अनेक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया, शिविर के आयोजन में माधव प्रेरणा केंद्र ग्राम विकास गतिविधि के तत्वाधान में किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से देवेंद्र, रोहित भांगे, डॉक्टर धीरेंद्र, डॉ अर्चना अग्रवाल, डॉ अवंतिका अग्रवाल, सेवानिवृत्ति आयुर्वेदाचार्य डॉसुधाकर विवेक, सोमनाथ यादव, अवधेश कश्यप, शत्रुघ्न कुंभकार, कीर्ति वर्धन गुप्ता, देवेंद्र पाठक, संजय पवार आदि कार्यकर्ता के सहयोग से संपन्न हुआ। डॉ सुधाकर ने घोषणा की है की प्रति रविवार आयुर्वेद के निशुल्क चिकित्सा कलकर कुंज संघ कार्यालय जूना बिलासपुर में संचालित करेगे। घुमंतू कार्य योजना की बैठक शनिवार को कॉलकर कुंज में संपन्न हुआ। जिसमें गोरेलाल बारछे, मनजीत सिंह पवार, ऐसी जातियां जो घूम घूम कर अपना परिवार चलते हैं तथा जिनका स्थाई निवास नहीं है ऐसी जनजातियों का सूचीबद्ध किया गया और उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए योजना बनाई गई है।



### मराठा समाज ने देखी फिल्म राजा शिवाजी

**बिलासपुर।** मराठा समाज के अध्यक्ष शशांक चौहान ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी पर आधारित फिल्म राजा शिवाजी को मराठा समाज के लोगों ने पूरी थिएटर हॉल बुक कर देखी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका रितेश देशमुख ने निभाई है। श्री चौहान का कहना है कि हम सभी को ऐसी ऐतिहासिक फिल्म देखनी चाहिए। जिससे सभी को पता चले कि हमें हिन्दू स्वराज कैसे मिला?

स्पोर्ट्स

## रोलर स्पोर्ट्स स्केटिंग में शौर्य ने जीता गोल्ड

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय रोलर स्पोर्ट्स स्केटिंग प्रतियोगिता रायपुर में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में क्वाड्स एव इनलाइन दोनों प्रकार के खेल में सभी शामिल हुए, प्रतियोगिता में प्रदेश भर से सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें से 4 से 18 वर्ष तक के बच्चों ने अपने अनुभव का प्रदर्शन किया। जिसमें से अंडर 8 वर्ग में बिलासपुर के शौर्य बंजारे ने 600 मीटर स्केटिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। शौर्य बंजारे दिल्ली पब्लिक स्कूल में प्रथम का छात्र है ,कम उम्र में ही लगातार मेडल हासिल कर रहा है। उन्होंने अपने पिता सागर बंजारे और माता शछाया बंजारे और अपने कोच तन्मय नायर का नाम रोशन किया है।



# संस्कृति ही हमारी धरोहर, संस्कृत का अभाव निरक्षर के समान






**वन्दे मातरम मित्र मण्डल की 248 वीं बैठक अन्तर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के दिन सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रख्यात विदूषी डॉ पुष्पा दीक्षित के मुख्य आतिथ्य , तेजस्विनी छात्रावास की संचालिका एवं राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका सुलभा ताई देशपांडे की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपमाला कश्यप एवं समाज सेविका डॉ संजना तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्य अतिथि डॉ पुष्पा दीक्षित ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व को दो भागों में विभक्त करें तो एक ओर भारत है, तो दूसरी ओर सम्पूर्ण विश्व। भारत ही एकमात्र देश है जहां नारियों की पूजा होती है अन्य देशों में नारी केवल भोग्या की वस्तु है। भारत भूमि में देवता भी जन्म लेने तरसते हैं। हमारी संस्कृति ही हमारी धरोहर है, संस्कृति व संस्कृत का अभाव निरक्षर के समान है। विदेशियों ने हमारी संस्कृति पर पहला प्रहार किया और पाश्चात्य सभ्यता भर दी। हमारे भारत में नारी व मातृ शक्ति की नित्य पूजा होती है। विदेश में साल में एक बार हो जाय तो उनके लिए संयोग मात्र है। इस अवसर पर सभी सम्मानित माताओं को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंट किए गए ।

प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने बताया कि वन्दे मातरम् मित्र मण्डल हिन्दुत्व व समाज सेवा के क्षेत्र में विगत साढ़े चार वर्षों से विभिन्न कार्य कर निः स्वार्थ सेवा प्रदान कर रहा है, आज उन मातृ शक्तियों को सम्मानित किया है जिनकी सेवायें समाज को नयी दिशा प्रदान करने वाली हैं। वन्दे मातरम् मित्र मण्डल ने मातृ शक्तिओं को सम्मान किया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दी हैं। ऐसी मातृ शक्तिओं में 69 नाम आए जिनमें से केवल आठ मातृ शक्तिओं को चयन किया गया। सभी 8 माताओं ने अपने पारिवारिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अनेक ऐसी बेटियों को अपने परिवार का हिस्सा बना कर उनका भरण पोषण कर योग्य बनाया जो आज के समय देखने नहीं मिलता।

### इन मातृशक्तियों का किया गया सम्मान

मां विजय लक्ष्मी मिश्रा पति प्रफुल्ल मिश्रा तथा सीता देवी मिश्रा पति स्वर्गीय सुरेन्द्र नाथ मिश्रा समाज के लिए एक आदर्श है। विजय लक्ष्मी ने मन्दबुद्धि बालिका को आश्रय दिया तो सीता देवी ने एक अनाथ बालिका का केवल पालन ही नहीं अपितु अधिवक्ता बनकर आत्मनिर्भर भी बनाया। ममता मिश्रा मूक वधिर बच्चों का सहारा बनी,उषा किरण बाजपेई ने दलित,उपेक्षित बच्चियों को विधिक सहायता प्रदान की, शोभा त्रिपाठी ने दो अनाथ बेटियों को आश्रय प्रदान किया,डॉ प्रेमलता येंडे ने 56 बेटियों के विवाह संपन्न कराए,रूपा सिंह ने स्लम एवं वनवासी क्षेत्र की बेटियों मैं शिक्षा एवं जागरूकता के साथ निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरित किए,आराधना त्रिपाठी ने कैंसर पीड़ित महिलाओं को निशुल्क परामर्श के साथ सस्ती दर पर दवाइयां उपलब्ध कराई।

### बालिकाओं की सेवा राष्ट्र की सेवा

समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि डॉ संजना तिवारी ने कहा कि चूंकि यह पाश्चात्य सभ्यता है किन्तु मां को पूजना है तो अवश्य ही ग्राह्य है। डॉ राजकुमार सचदेव विभाग संघचालक ने अपने उद्बोधन में कहा कि वन्दे मातरम मित्र मण्डल ने आज मातृशक्ति का सम्मान किया वह अति प्रसंशनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सुलभा ताई ने बालिकाओं की सेवा राष्ट्र की सेवा बताया।

## मां का निःस्वार्थ प्रेम, त्याग ही समाज की असली शक्ति



एक मां केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि गुणों की पाठशाला है। दुनिया में अगर कोई प्रेम निःस्वार्थ और ईश्वरीय प्रेम के सबसे करीब है, तो वह मां का प्रेम है। मां बच्चे की पहली गुरु होती है, जो उसे न केवल बोलना सिखाती है, बल्कि जीवन जीने के संस्कार भी देती है।

ये बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने अंतरराष्ट्रीय मदर्स डे के उपलक्ष्य में कहीं। उन्होंने कहा कि आज के युग में जहां मानवीय संवेदनाएं कम हो रही हैं, वहां मां का धैर्य और उसकी सहनशीलता ही परिवार को जोड़कर रखने का सूत्र है। मां केवल जन्म देने वाली ही नहीं, बल्कि अपने संकल्पों से बच्चे के भाग्य का निर्माण करने वाली शक्ति है। वहीं प्रकृति हमारी मां है। प्रकृति हमारा पालन-पोषण करती है और धरती मां हमें सब कुछ सहते हुए भी जीवन जीने का आधार प्रदान करती है। इसी प्रकार हमारा देश भी हमारी मां है, जिसकी अस्मिता और रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। इन सभी 'माताओं' के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना ही सच्चे अर्थों में मातृ दिवस मनाना है। बीके स्वाती दीदी ने कहा कि असली मदर्स डे तब है जब हम अपनी मां की आज्ञा का पालन करें और उन्हें मानसिक शांति का उपहार दें।

## स्वयंसिद्धा फाउंडेशन ने बुजुर्ग माताओं के साथ मनाया मदर्स डे



बहतराई स्थित माता रानी वृद्धाश्रम में मदर्स डे पर स्वयं सिद्धा फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने वृद्धाश्रम की बुजुर्ग महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। मदर्स डे के अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों ने बुजुर्ग माताओं के साथ मिलकर केक काटा। इस दौरान न केवल उनके लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गई, बल्कि सम्मान स्वरूप सभी माताओं को साड़ियां भी भेंट की गईं। कार्यक्रम का सबसे भावुक पल वह था जब वृद्धाश्रम में रह रही माताओं ने फाउंडेशन के सदस्यों को अपने परिवार का हिस्सा और बेटे जैसा मानकर गले लगा लिया और अपना भरपूर प्यार व आशीर्वाद उन पर निछावर किया। फाउंडेशन की अध्यक्ष चंचल सलूजा ने इस दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा:श्मदर्स डे दुनिया भर की माताओं के निस्वार्थ प्रेम, त्याग और समर्पण को सम्मानित करने का एक विशेष दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमें अपनी माताओं के प्रति सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए। संस्था के सचिव नवीन चंद्र दुबे ने सभी माताओं को बधाई देते हुए कहा कि माँ की ममता अनमोल है, वह सृष्टि का आधार और जननी है। इस सेवाभावी कार्यक्रम को सफल बनाने में फाउंडेशन की टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रम्या सुभाष, विमल रजक, श्वेता सिंह, विजय लक्ष्मी, गंगा निषाद, सिमरन कौर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा सम्मान एवं उत्सव कार्यक्रम



मातृ दिवस के अवसर पर अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति के नारी प्रकोष्ठ की बहनों द्वारा भावपूर्ण एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृत्व की महत्ता, महिलाओं के योगदान तथा परिवार एवं समाज में मां की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर समिति की महिला सदस्यों ने माताओं का सम्मान पुष्प भेंट एवं शुभकामनाओं के साथ किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रेरणादायी विचार एवं मातृ शक्ति के सम्मान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जिसमें लक्की ड्रा द्वारा ममतामई मां का चयन किया गया जिसमें विनर विनय शर्मा रहीं

नारी प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष चित्रा तिवारी ने कहा कि मां केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति होती है। मातृ दिवस हमें मां के त्याग, समर्पण और प्रेम के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिनका योगदान रहा श्रीमती राजकुमारी तिवारी, श्रीमती कावेरी शर्मा,प्रतिमा पांडेय,सीमा राजेश शुक्ला,अंजू पांडेय,पल्लवी शर्मा,मीता पांडेय, गीता पांडेय,ममता चतुर्वेदी,सुधा,श्रेया ,श्यामली वीणा तिवारी, रंजना पांडेय, मीना गुरूद्वान, धात्री शर्मा, सावित्री दुबे,रंजना अवस्थी, श्वेता शर्मा, सुलोचना आदि उपस्थित रही।

## मातृदिवस पर देहदान का संकल्प

मातृ दिवस के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के सेवा विभाग द्वारा दो जागरूक एवं समाजसेवी नागरिकों का मरणोपरांत देहदान संकल्प पत्र भरवाया गया। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग बिलासपुर की प्रेरणा एवं पहल पर शारदा जमुनाप्रसाद सोनी एवं सुनील दुबे ने अपने निधन उपरांत अपनी देह चिकित्सा एवं शोध कार्यों हेतु दान करने का संकल्प लिया। इस संबंध में उनके परिजन आकाश सराफ द्वारा विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग बिलासपुर से संपर्क किया गया, जिसके पश्चात सेवा विभाग की टीम उनके निवास स्थान पहुँची तथा विधिवत संकल्प पत्र भरवाया गया।

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग बिलासपुर की ओर से दोनों सम्माननीय व्यक्तियों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर इस पुनीत एवं प्रेरणादायी कार्य हेतु साधुवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग से



क्षेत्रीय प्रमुख विभूति भूषण पांडे, प्रांत सह सेवा प्रमुख मनीष मोटवानी, दुर्गा वाहिनी प्रांत सह संयोजिका प्रीति दुबे, जिला विभाग मंत्री राजीव शर्मा, मातृशक्ति जिला संयोजिका सोनल अग्रवाल, जिला सह सेवा प्रमुख विवेक पंजवानी एवं जिला सेवा प्रमुख नीरज जज्ञासी उपस्थित रहे।

## बेटियों को बनाएं संस्कारवान

मदर्स डे मां के निःस्वार्थ प्रेम, त्याग और समर्पण को याद करने का विशेष दिन है। मां एक ऐसा शब्द जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। वे लोग हर परिस्थिति में अपने बच्चों को अच्छी परवरिश देकर उन्हें संस्कारवान बनाने के प्रयास में ही रहती हैं। बहतराई रोड सरकंडा निवासी सूर्यकांता भचेंद्र पाण्डेय जो पेशे से शिक्षिका है, अपने दोनों बेटियों को विपरीत परिस्थितियों में अच्छी परवरिश दी। संस्कारवान बनाया। आज उनकी दोनों बेटियां एक बेहतर मुकाम पर पहुंचकर अपने समाज, परिवार का नाम रौशन कर रहीं



हैं। सूर्यकांता की बड़ी बेटी अंकिता शुक्ला नेशनल यूथ व इंडिया बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्डी एवं नारी रत्न सम्मानित हैं। अपनी मां से मिले संस्कार से वह सोशल वर्क भी कर रहीं हैं। वहीं अपने 4 वर्षीय बालक अनुराज शुक्ला को देश का एक अच्छा नागरिक बनाने गाइड कर रहीं हैं। छोटे अनुराज ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराकर यह साबित कर दिया कि सच्ची प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता उम्र की सीमा नहीं जानती। अनुराज ने मात्र तीन महीने में सड़क पर घूमने वाले 4 सौ से अधिक गायों के गले में रेडियम बेल्ट बांधकर उन्हें सड़क दुर्घटनाओं से बचाने का अनोखा कार्य किया।

कार्नर न्यूज

45 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

# अभिनय और व्यक्तित्व विकास का संगम है रंगमंच

**अग्रज नाट्य दल की ओर से आयोजित 45 दिवसीय अभिनय एवं रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। आगामी 45 दिनों तक प्रतिभागियों को अभिनय, संवाद, मंच संचालन, भावाभिव्यक्ति और नाट्य संगीत का प्रशिक्षण दिया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वक्ताओं ने कहा कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली सशक्त कला है।

मोहन देव पुजारी ने कहा कि अग्रज नाट्य दल पिछले 33 वर्षों से लगातार नए कलाकारों को तैयार कर रहा है। संस्था ने अनेक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया है, जिनमें से कई कलाकार आज छत्तीसगढ़ी फिल्मों तथा अन्य फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना चुके हैं। संज्ञा टंडन ने "योगेश स्मृति नाटक महोत्सव" की जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन अग्रज नाट्य दल के संस्थापक सदस्य रहे योगेश पाण्डेय की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि रंगमंच कलाकारों के व्यक्तित्व को निखारने के साथ उन्हें सामाजिक रूप से भी जागरूक बनाता है।







डॉ. बी.के. गुप्ता ने कहा कि नाट्य कला व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करती है। रंगमंच व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाता है और जीवन में अनुशासन सिखाता है। मोहम्मद रफीक ने अभिनय को सबसे कठिन लेकिन प्रभावशाली कला बताते हुए कहा कि अभिनय हमें जीवन के हर पहलू को बेहतर तरीके से समझने में मदद करता है। चम्पा भट्टाचार्जी ने बताया कि प्रतिभागियों को अभिनय के साथ नाट्य संगीत और मंचीय प्रस्तुति की भी जानकारी दी जाएगी। शत्रुघ्न जैसवानी ने कहा कि कार्यशाला में प्राप्त अनुभव प्रतिभागियों के जीवन में लंबे समय तक उपयोगी साबित होंगे। सुनील चिपड़े ने कहा कि अग्रज नाट्य दल परिवार की तरह कार्य करता है और यहां कलाकारों को सीखने तथा आगे बढ़ने का सकारात्मक वातावरण मिलता है।

## खबर संक्षेप

### गाज गिरने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत



**बिलासपुर।** शनिवार शाम शहर से लगे ग्राम निरतू में घर के सामने खेल रहे बच्चे की गाज गिरने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक पटेल पिता राजेश पटेल 12 वर्ष शनिवार की शाम को घर के बाहर खेल रहा था, इसी दौरान वहां गाज गिरी, जिसकी चपेट में आकर वह मुर्छित हो गया, परिजन उसे तत्काल सिम्स लेकर गए, जहां डाक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दरअसल बच्चे के पिता राजेश पटेल व मां बृहस्पति पटेल कमाने-खाने के लिए दिल्ली गए हैं, वे ईंट भट्टे में काम करते हैं, पिता राजेश ने अपने छोटे भाई हरि पटेल के पास बच्चे को छोड़ दिया था, हरि पटेल ही उसका पालन पोषण करते हैं। घटना में हरि पटेल के बेटे अंकित पटेल को भी चोट आई है, साथ में खेलते हुए उसे भी बिजली का झटका लगा है, जिसके चलते उसका एक पैर ठीक से काम नहीं कर रहा है। परिजनों ने बताया कि उसे शनिवार रात में सिम्स में भर्ती किया गया है।

### ड्राइवर से मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ढाबा के सामने गाड़ी खड़े करने पर पैसे की मांग की गई। मना करने पर ड्राइवर से मारपीट कर गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी गई है। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री पुलिस के अनुसार, बिल्हा मोड़ निवासी सनोज कुमार यादव पिता विरेन्द्र यादव 32 साल ने मुढ़ीपार टोलप्लाजा के पास ढाबा के पास अपनी गाड़ी ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीजे, 9383 खड़े कर दिया। गाड़ी खड़े करने के नाम पर मुढ़ीपार निवासी मिथलेश गेंदले पिता विजेन्द्र गेंदले के द्वारा अवैध रूप से पैसे की मांग की गई। मना करने पर उसने ड्राइवर के साथ जमकर मारपीट कर गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 3, 119, 1, 324, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर ढाबा संचालक मिथलेश गेंदले को गिरफ्तार कर लिया है।

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला आज

**बिलासपुर।** आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी के नवीन भवन में 11 मई को सुबह 10.30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, शीट मेटल वर्कर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, ट्रेक्टर मैकेनिक, प्लम्बर, कोपा एवं वेल्डर के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने सभी दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते हैं।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए आवेदन

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तूरी अंतर्गत मस्तूरी ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र ओखर 1, हरदी 1, मानिकचौरी 1 एवं कोकड़ी 1 में सहायिका के 1-1 रिक्त पदों पर 4 मई से 18 मई तक वेबसाइट aww.e-bharti.in में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि शासन समय-समय पर कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भर्ती के लिए आवेदन मंगाया जाता है।

## अंतरिक्ष की तस्वीर बनी आकर्षण का केन्द्र...





## अंतरिक्ष की तस्वीरों से सजी तारबाहर आरयूबी की दीवारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

20 से 25 दिन तक मरम्मत कार्य के लिए बंद तारबाहर आरयूबी को लोगों के आवागमन के लिए ओपन कर दिया गया है। यहां रेल प्रशासन ने अंतरिक्ष की रंग बिरंगी तस्वीरों को बनाया है, जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर नागपुर छोर की ओर बना तारबाहर रेलवे क्रासिंग महत्वपूर्ण क्रासिंग में से एक है। यहां 12 करोड़ रुपए की लागत से तारबाहर से बाईपास रेल लाइन के पहले बने शिव मंदिर तक रोड अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया गया है। रेल प्रशासन ने 6 माह पहले ही तारबाहर आरयूबी से आवागमन बंद कर मेंटेनेंस व अन्य कार्य किया था, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो सके। इसके उपरांत कुछ दिन पहले 45 दिनों के लिए रेल अंडरब्रिज से दोनों ओर का रास्ता ब्लॉक कर आवागमन पूरी तरह से बंद करा दिया गया।

यहां रेलवे की ओर से अंतरिक्ष के मॉडल को अंडरब्रिज के अंदर दोनों ओर की दीवारों पर प्रदशित किया गया, जिसे देखकर लोगों को भी अब काफी राहत मिलने लगी है।

### अमेरी अंडरब्रिज में डामरीकरण शुरू

बिलासपुर से उसलापुर रेल लाइन मार्ग पर एक रेल क्रासिंग अमेरी से प्रतिदिन 20 से 25 हजार से अधिक लोगों का आवागमन होता है। प्रतिदिन फाटक बंद रहने के कारण परेशान लोगों के लिए रेल प्रशासन ने 11 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत से एक अंडरब्रिज का निर्माण कार्य करा दिया है।

अमेरी अंडरब्रिज में चार मीटर चौड़ा और साढ़े चार मीटर ऊंचाई का बाक्स है। इस साइज का यह बाक्स दोनों ओर लगाया गया है, जिसके बीच में दीवार बनाई गई है। इस तरह अंडरब्रिज में एक ओर जाने का दूसरी ओर से आने का मार्ग दिया गया है। यह सभी बाक्स 38 मीटर तक बने हुए हैं। मेन रोड तक एप्रोच रोड तक कुल मार्ग की लंबाई 272 मीटर की और ऊंचाई 4.5 मीटर एवं चौड़ाई आठ मीटर की बनाई गई है। अंडरब्रिज से टू व्हीलर के अलावा फोर व्हीलर व मेटाडोर गुजर सकेंगे।

बारिश का पानी निकालने के लिए पंप लगाए गए हैं, ताकि आने-जाने वाले लोगों को परेशानी न हो सके। यह कार्य पूरा करने के बाद क्रासिंग के दोनों ओर के बेरियर को बंद कर दिया गया है। बेरियर बंद होने के बाद अंडरब्रिज का रास्ता लोगों के लिए ओपन कर दिया गया है, लेकिन यहां सड़क पर जगह-जगह गड्ढे. और धूल व सीमेंट उड़ने से लोग हलाकान हो रहे थे। लोगों की मांग करने के बाद अब सड़क पर डामरीकरण का कार्य शुरु कर दिया गया है।

### वीडियोग्राफी के साथ डाक्टरों की टीम ने किया पोस्टमार्टम

# घर में महिला की संदिग्ध मौत, परिजन ने लगाया हत्या करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मृतका।

घर में महिला की संदिग्ध मौत के बाद परिजन ने ससुरालवालों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। वीडियोग्राफी के साथ डाक्टरों की टीम के द्वारा महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, आमागोहन राखड़पारा निवासी दीक्षा कुसवाहा पति दिलीप कुसवाहा 38 साल के भाई राजेश पटेल ने चौकी में उपस्थित होकर शिकायत की। उसने अपनी बहन से बात करने के लिए मोबाइल में फोन लगाए तो वह नहीं उठा रही थी। उसके ससुर से फोन में पूछा तो उसने कहा दीक्षा पलंग से गिर गई और हाथ पैर ठंडा पड़ गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर जा रहे हैं। प्रभारी श्री ठाकुर दीक्षा के घर गए तो वह घर पर नहीं थी। पुलिस ने उक्त कमरे को सील कर दिया। बाद में पता चला दीक्षा को सिम्स में मृत घोषित कर दिया गया है।

10 मई को परिजन ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से मिलकर घटना की जानकारी देकर सुरालवालों पर हत्या करने का आरोप लगाकर निष्पक्ष जांच की मांग की। उनके निर्देश पर तहसीलदार के द्वारा शव का पंचनामा कर वीडियोग्राफी के साथ डाक्टरों की टीम से मृतका का पोस्टमार्टम कराया गया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। मृतका की शादी 18 साल पहले हुई थी और उनकी 17 साल व 13 साल की दो बेटियां हैं।

#### हत्या करने का आरोप

मृतका के ममेरे भाई चोरहादेवरी निवासी मनोज पटेल ने बताया कि उसकी दो बेटियां हैं। शादी के बाद से ससुरालवालों उन्हें प्रताड़ित कर रहे थे। 9 मई को उन्होंने मृतका के ससुर कन्हैया कुसवाहा को फोन लगाकर मृतका से बात कराने को कहा तो उन्होंने बात नहीं कराई और फोन काट दिया। फिर फोन लगाने पर कहा मृतका पलंग से गिर गई है उसका पैर हाथ ठंडा हो गया। वे बोले की डाक्टर लेकर आ रहे हैं। उनके पहुंचने के पहले ससुरालवाले मृतका को सिम्स लेकर आ गए थे।

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

### पुलिस को बिना सूचना परिजन ने किया अंतिम संस्कार

- पुलिस ने मरघट से हड्डी किया जब्त

युवक के फांसी लगाकर खुदकुशी करने पर परिजन ने पुलिस को बिना सूचना दिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी होने पर पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का क्राइम ऑफ सीन कर मरघट से हड्डी जब्त की है। उसे जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा।

कोनी पुलिस के अनुसार, बिरकोना पुलपारा निवासी संदीप कुमार सूर्यवंशी पिता तुलसी सूर्यवंशी 33 साल ने 8 मई की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 10 मई की सुबह उसकी मां कमरे में गई तो उसकी फांसी पर लटकी लाश मिली। घरवालों ने फंदा खोलकर रिश्तेदारों को बुलाकर पुलिस को बिना सूचना दिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। 10 मई को कोनी पुलिस को सूचना मिली संदीप कुमार सूर्यवंशी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी और पुलिस को बिना सूचना के घरवालों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। एएसआई उमेश उपाध्याय जांच के लिए गांव में गए। घरवालों ने पूछताछ में पहले हार्ट अटैक से मृत्यु होने की जानकारी दी, लगातार पूछताछ करने पर घरवालों ने मृतक के द्वारा फांसी लगाना स्वीकार किया।

#### किया गया क्राइम ऑफ सीन

फोरेंसिक टीम ने जिस कमरे में युवक ने फांसी लगाई थी। वहां क्राइम ऑफ सीन कर साक्ष्य एकत्रित किया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतक ने फ्रिज पर चढ़कर फंखे में स्कार्फ से फांसी लगाई थी। पुलिस ने मरघट से मृतक की हड्डी जब्त की है। हड्डी को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा जाएगा।

#### 4 माह पहले पत्नी की हुई थी मौत

एएसआई उपाध्याय ने बताया, मृतक मैग्नेटो मॉल में काम करता था। चार माह पूर्व उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई थी। पत्नी की मृत्यु के बाद वह गुमसुम रहता था और शराब पीने लगा था। पत्नी की मृत्यु से दुखी होकर आत्महत्या कर लेने की संभावना जताई जा रही है।

## गुण्डे ने युवक को मारा चाकू, सिम्स में भर्ती

### पिकनिक मनाने के दौरान नशे में हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पिकनिक मनाने के दौरान नशे में विवाद होने पर गुण्डे बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया है। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।

मोपका पुलिस सहायता केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, 10 मई को सिरगिट्टी क्षेत्र के 20 युवक पिकनिक मनाने के लिए चिल्हाटी खुटीपारा शनि मंदिर के पास नदी में गए थे। सभी युवक पिकनिक मनाने के लिए दौरान शराब पी रहे थे। नशे में सिरगिट्टी क्षेत्र के आदतन बदमाश सांवत साव गणेशनगर निवासी हरीश महिलांगे पिता रामावतार महिलांगे के साथ विवाद करने लगा। हरीश ने नशे में उसके साथ गाली गलौज की तो सांवत ने उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर व चेहरे में गंभीर चोट आई है। चाकूबाजी की वारदात से युवकों में हड़कंप मच गया। युवकों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस मौके पर पहुंचकर नशे में हमलावर सांवत साव को पकड़कर घायल हरीश महिलांगे को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है। बताया जाता है सांवत साव सिरगिट्टी थाने का गुण्डा बदमाश है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास सहित 13 मामले दर्ज हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## मेल में पकड़ा गया अपहरण और हत्या का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- आरोपी को जीआरपी ने महाराष्ट्र पुलिस के हवाले किया

मुम्बई में अपने साथी का अपहरण करने के बाद हत्या करने वाला आरोपी मेल से हावड़ा की ओर फरार हो रहा था, जिसे सूचना मिलने के बाद जीआरपी की टीम ने पकड़कर महाराष्ट्र पुलिस के हवाले कर दिया है।



इनसेट में हत्या व अपहरण का आरोपी।

जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के मुम्बई स्थित शिवाजी नगर पुलिस थाने से सूचना मिली कि आरोपी आवेश मुस्तफा कर्णी ने पहले अपने साथी औरंगजेब समीरूद्दीन का अपहरण किया। इसके बाद उसकी हत्या कर शव को कई टुकड़ों में काटकर अलग-अलग जगह फेंक दिया। अपहरण और हत्या करने के बाद आरोपी आवेश मुस्तफा 12809 मुम्बई-हावड़ा मेल से पश्चिम बंगाल की ओर फरार हो रहा था। महाराष्ट्र पुलिस ने आरोपी की तस्वीर और जानकारी सभी प्रदेशों के साथ जीआरपी थाने में भी भेज दी थी। इस दौरान महाराष्ट्र पुलिस को आरोपी के मेल एक्सप्रेस से फरार होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही महाराष्ट्र पुलिस की ओर से छत्तीसगढ़, ओडिशा से लेकर पश्चिम बंगाल की जीआरपी और लोकल पुलिस से संपर्क कर सारी जानकारी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने उप पुलिस अधीक्षक तोबियस खाखा, सहायक उपनिरीक्षक तुलेन्द्र वर्मा को तत्काल कार्रवाई करने निर्देशित किया।

जीआरपी के एसपी श्री पटेल के निर्देश पर जीआरपी ने ट्रेन के प्लेटफार्म पर पहुंचते ही घेराबंदी करते हुए 12809 मुम्बई-हावड़ा मेल की सघन चेकिंग की, जिसमें ट्रेन के आगे की ओर लगे जनरल कोच में फरार आरोपी आवेश मुस्तफा सफर कर रहा था। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने कोशिश की, लेकिन उसे पकड़कर जीआरपी थाने लाने के उपरांत शिवाजी नगर मुम्बई पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

### ट्राली बैग किया गया यात्री को सुपुर्द

**बिलासपुर।** वंदेभारत में भूलवश छूटे हुए ट्राली बैग को आरपीएफ ने पोस्ट लाने के बाद यात्री के सुपुर्द कर दिया है। शुक्रवार को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष बिलासपुर से गाडी संख्या 20826 वंदे भारत एक्सप्रेस में रेल मदद में सूचना मिली कि विपुल जगदीश कोच सी 7 के बर्थ 31 से 36 तक मित्रों के साथ नागपुर से दुर्ग तक सफर कर रहे थे। दुर्ग स्टेशन पहुंचने पर जल्दबाजी में उतरने के कराण उनका ट्रॉली बैग छूट गया। शनिवार को पाली अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक व्हीबी सिंह ने सीएंडडब्लू स्टाफ के साथ मिलकर कोचिंग डिपो में जाकर वंदेभारत के कोच को चेक कर ट्राली बैग लाकर पोस्ट में सुरक्षित रखा। विपुल के परिजन हेमंत यादव ने आरपीएफ पोस्ट पहुंचकर ट्राली बैग को अपने सुपुर्द में ले लिया।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## वार्ड 29 में होगा उपचुनाव, 11 मई से दाखिल होंगे नामांकन

- संजय नगर वार्ड में रिक्त है पार्षद का पद

**बिलासपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय उपचुनाव की घोषणा कर उपचुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। नगर निगम अंतर्गत तारबाहर क्षेत्र वार्ड नंबर 29 संजय नगर वार्ड में पार्षद पद रिक्त है जिसके लिए उपचुनाव होगा। इसके तहत 11 मई से पार्षद पद के लिए नामांकन दाखिल करने का सिलसिला चालू हो जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर जारी कार्यक्रम अनुसार उपचुनाव अंतर्गत निर्वाचन की सूचना प्रकाशन 11 मई को होगा और उसी दिन सीटों का आरक्षण निकाला जाएगा। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 18 मई होगी और 19 मई को नाम निर्देशन की संवीक्षा तथा 21 मई को अभ्यर्थियों के नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि होगा। नगरीय निकाय उप चुनाव तहत 1 जून को मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना संपन्न होगा। नगर निगम के कुल 70 वार्डों में केवल एक संजयनगर वार्ड 29 में उपचुनाव होना है क्योंकि वहां पर पार्षद की सीट रिक्त है। शहर के तारबाहर क्षेत्र में संजय नगर वार्ड में नगरीय निकाय आम चुनाव दौरान कांग्रेस की टिकट पर शेख असलम चुनाव जीतकर आए थे। पार्षद शेख असलम का कुछ माह पहले ही निधन हो गया तब से वहां पार्षद का पद खाली है। पिछले साल हुए नगर निगम आम चुनाव में भी कांग्रेस से शेख असलम वार्ड 29 से चुनाव जीतकर पुनः पार्षद बने थे।

### कांग्रेस की 11 सदस्यीय प्रत्याशी चयन समिति

वार्ड क्रमांक 29 संजय गांधी नगर उप चुनाव के लिए 11 सदस्यीय प्रत्याशी चयन समिति में पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय, पूर्व महापौर रामशरण यादव, पूर्व सांसद इंग्रिड मैक्लाउड, पूर्व महापौर राजेश पाण्डेय, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मेयर प्रत्याशी प्रमोद नायक, पूर्व सभापति ननि शेख नजरूद्दीन, पूर्व जिला अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र बोलर, नेता प्रतिपक्ष ननि भरत कश्यप, तजम्मुल हक ब्लाक अध्यक्ष शामिल हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
11 मई,25 मई, 06 जून, 15 जून, 05 सितम्बर, 10 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

अधूरी सड़क, धंसती सड़क और गड्ढे बने राहगीरों के लिए मुसीबत

# बरेला से मुंगेली तक नेशनल हाइवे की हालत जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

जिस सड़क को विकास की धड़कन कहा जाता है, वही आज मुंगेली जिले में भय, अव्यवस्था और मौत की आहट का पर्याय बन चुकी है। बरेला से मुंगेली-बिलासपुर नेशनल हाइवे इन दिनों बदहाली, अधूरे निर्माण, गहरे गड्ढों और संदिग्ध गुणवत्ता के कारण जनाक्रोश का केंद्र बन गया है।

हालात इतने विकराल हो चुके हैं कि, लोगों इसे 'मौत का हाइवे' नाम दे दिया है। यह मार्ग अब सफर का माध्यम नहीं, बल्कि हर पल दुर्घटना की आशंका से घिरी भयावह परीक्षा बन चुका है। कहीं सड़क अधूरी है, कहीं डामर उखड़कर बिखरा पड़ा है, तो कहीं नई बनी सड़क पर ही दरारों की काली लकीरें उभर आई हैं। करोड़ों रुपए की लागत से बन रही इस सड़क की गुणवत्ता अब स्वयं कटघरे में खड़ी दिखाई दे रही है।

### बरेला से शुरू होती है बदहाली-

हाइवे की सबसे चिंताजनक तस्वीर बरेला क्षेत्र के आसपास दिखाई देती है। यहां सड़क निर्माण कार्य कई हिस्सों में अधूरा छोड़ दिया गया है। सड़क पर बने विशाल गड्ढे मानो किसी बड़े हादसे की प्रतीक्षा में मुंह बाए खड़े हैं। वाहन चालक इन गड्ढों से बचने के प्रयास में अचानक दिशा बदलते हैं, और हर क्षण दुर्घटना की आशंका मंडराती रहती है। दिन में उड़ती धूल और रात के घने अंधेरे के बीच यह मार्ग किसी खौफनाक सुरंग जैसा प्रतीत होता है। सबसे अधिक परेशानी दुपहिया वाहन चालकों को झेलनी पड़ रही है, जिन्हें हर कुछ मीटर पर अपनी जान जोखिम में डालकर संतुलन साधना पड़ता है।

### बरेला पेट्रोल पंप के सामने जर्जर

पेट्रोल पंप के सामने की सड़क की स्थिति तो मानो बदहाली की पराकाष्ठा बन चुकी है। सड़क के बीचों-बीच बने गहरे गड्ढे प्रतिदिन यातायात को अव्यवस्था और जाम की गिरफ्त में धकेल रहे हैं। हल्की बारिश होते ही यह क्षेत्र तालाब में तब्दील हो जाता है। भारी वाहनों के गुजरते ही कीचड़ और गंदा पानी राहगीरों पर उछलता है। कई बार वाहन चालक पानी के भीतर छिपे गड्ढों का अनुमान तक नहीं लगा पाते और अचानक हादसों का शिकार हो जाते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है, विभाग किसी बड़ी त्रासदी की प्रतीक्षा कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। सड़क पूरी होने से पहले ही दम तोड़ती नजर आ रही है। लोगों का कहना है कि यह केवल निर्माण में देरी का मामला नहीं, बल्कि सीधे-सीधे जनता की जिंदगी से खिलवाड़ है।

### नई सड़क में उभरी दरारें गुणवत्ता पर सवाल

सोढार स्थित निर्माणाधीन टोल प्लाजा के पास बनी नई सड़क पर उभरी लंबी दरारें निर्माण गुणवत्ता की पोल खोल रही हैं। सड़क के बीचों-बीच पड़ी फटी लकीरें साफ संकेत दे रही हैं कि नींव कितनी कमजोर रखी गई है। टोल प्लाजा के आसपास बने मिट्टी के अस्थाई ब्रेकर, अधूरा निर्माण और फैला कीचड़ राहगीरों की मुश्किलें और बढ़ा रहे हैं। बारिश के दौरान यह पूरा क्षेत्र फिसलन और अव्यवस्था का केंद्र बन जाता है।






### आंधी में टूटा टोल प्लाजा का बोर्ड, बना खतरा

कुछ दिन पहले तेज आंधी में निर्माणाधीन टोल प्लाजा का विशाल बोर्ड टूटकर अधर में लटक गया। चिंताजनक बात यह रही कि, कई दिन बीत जाने के बाद भी उसे हटाने की गंभीर पहल नहीं की गई। लोहे का भारी हिस्सा हवा में झूलता हुआ हर गुजरने वाले व्यक्ति के मन में भय पैदा कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, बारिश और आंधी के दौरान कई राहगीर इसी स्थान पर रुककर बचाव करते हैं। ऐसे में यदि यह बोर्ड अचानक गिर जाए, तो बड़ा हादसा हो सकता है।

### गंभीर हादसे के बाद भी नहीं टूटी विभागीय नींद

निर्माणाधीन टोल नाके और जिला पंचायत कार्यालय के बीच बने गड्ढे के कारण कुछ दिन पहले तीन युवक के दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए। इसके लोगों को उम्मीद थी कि, जिम्मेदार विभाग तत्काल सड़क सुधार कार्य शुरू करेगा, लेकिन समय बीतने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। लोगों में सबसे अधिक आक्रोश इस बात को लेकर है कि, आखिर कितनी मौतों के बाद व्यवस्था जागेगी।

### अधूरी सड़क पर टोल वसूली की तैयारी से फूटा जनाक्रोश

स्थानीय नागरिकों की नाराजगी अब खुलकर सामने आने लगी है। सड़क पूरी तरह तैयार नहीं हुई, सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हुआ, जगह-जगह गड्ढे और दरारें मौजूद हैं, इसके बावजूद टोल प्लाजा निर्माण कार्य तेजी से जारी है। लोगों को आशंका है कि, अधूरी और खतरनाक सड़क पर भी जल्द टोल टैक्स वसूली शुरू कर दी जाएगी। नागरिकों का कहना है कि, जब सड़क ही सुरक्षित नहीं है, तब जनता से टोल वसूलने का नैतिक अधिकार आखिर किस आधार पर लिया जाएगा।

### जांच और कार्रवाई की मांग

लगातार हो रहे हादसों और सड़क की भयावह स्थिति से नाराज स्थानीय नागरिकों ने निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि, सड़क निर्माण की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत और सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में और भी दर्दनाक हादसे सामने आ सकते हैं।लेकिन अब लोगों की उम्मीदें केवल आश्वासनों पर नहीं, बल्कि धरातल पर दिखाई देने वाले कार्यों पर टिकी हैं। क्योंकि यह सड़क अब महज विकास परियोजना नहीं रही, यह हर दिन हजारों लोगों की जिंदगी और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन चुकी है।

### सुधार के दिए निर्देश

नेशनल हाइवे विभाग को पत्राचार कर संबंधित समस्याओं के समाधान और आवश्यक सुधार कार्य के निर्देश दिए जाएंगे।
-निष्ठा पांडेय तिवारी, अपर कलेक्टर मुंगेली



## नवपदस्थ कलेक्टर से मिले प्रेस क्लब के पदाधिकारी

**गौरेला।** जिला प्रेस क्लब गौरेला पेंड्रा मरवाही के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शनिवार को कलेक्टोरेट में नवपदस्थ कलेक्टर संतोष कुमार देवांगन का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उन्हें को जिले की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए विचार-विमर्श किया।

इस दौरान कलेक्टर श्री देवांगन ने कहा कि, वे इस नवगठित जिले की जनसमस्याओं के निराकरण हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने अपने कार्यालय का दरवाजा खुला ही इसलिए रखा है ताकि कोई भी आम व्यक्ति उनसे कभी भी मिल सके। वे काम करने में यकीन रखते हैं और जनता की सेवा ही एक प्रशासनिक अधिकारी का प्रथम दायित्व होता है। उन्होंने कहा कि, मीडिया की भूमिका शासन-प्रशासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कई बार प्रशासनिक अधिकारी उन सब चीजों को नहीं जान पाते जो मीडिया के माध्यम से उन तक आती हैं। वे मीडिया से सभी सुझावों एवं सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा रखते हुए जिले के विकास में सक्रिय होकर कार्य करेंगे। प्रेस क्लब अध्यक्ष सिद्दीकी ने क्षेत्र में सक्रिय भू-माफियाओं द्वारा फर्जी नक्शा बटांकन कराकर सरकारी जमीनों की खरीदी बिक्री किए जाने एवं जिले की शिक्षा,स्वास्थ्य , यातायात संबंधी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। सचिव योगेंद्र सिंह नहरेल ने उन्हें बताया कि, आदिवासी बाहुल्य मरवाही विकासखंड शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अभी भी काफी पिछड़ा हुआ है। प्रशासनिक उपेक्षा से मरवाही का समग्र विकास बाधित है। इस पर श्री देवांगन में उचित एक्शन का आश्वासन दिया। जिला प्रेस क्लब के पत्रकारों ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के हाथों विमोचित जिला प्रेस क्लब के प्रतीक चिन्ह का भी अवलोकन कराया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद शर्मा, मुरारी रैदास, उमेश अग्रवाल, संतोष नामदेव, तनवीर आलम, तापस शर्मा, राकेश राजपूत, गौरव जैन, सुहैल आलम, सौरभ अग्रवाल, सूरज यादव, प्रयास कैवर्त, वीरेंद्र पांडे, राजेंद्र सोनी आदि पत्रकार उपस्थित थे।

## पातालेश्वर मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान कार्यक्रम आज



**मल्हार।** 'सोमनाथ स्वाभिमान' पर्व के तहत देश भर के चिन्हित मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को मल्हार में भी कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बिलासपुर जिला प्रशासन के अनुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 11 मई को सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य रूप से मनाया जा रहा है। यह उत्सव 11 मई 1951 को डॉ राजेंद्र प्रसाद द्वारा मंदिर के लोकार्पण और सरदार पटेल के संकल्प को याद करता है। 11 मई को देश के विभिन्न राज्यों के प्रमुख शिवालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें धर्मनगरी मल्हार के विश्व प्रसिद्ध प्राचीन भगवान पातालेश्वर देवालय का चयन किया गया है। सीएमओ अनुभव सिंह ने बताया कि, इस अवसर पर मंदिर व मंगल भवन में बड़ी स्क्रीन लगाकर गुजरात के सोमनाथ मंदिर का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूजन करेंगे। उक्त कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक धर्मजीत सिंह, धरम लाल कौशिक, अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, भूपेंद्र सवन्नी सहित जिले के जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे।

## अहीरवार समाज विकास परिषद के अध्यक्ष बने रामलाल



**मरवाही।** अहीरवार समाज विकास परिषद महाकेंद्र छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश का दो दिवसीय महासम्मेलन मरवाही सद्भावना भवन में आयोजित किया गया।

आयोजन में समाज के प्रमुख प्रबुद्ध, सदस्य व हजारों की भारी संख्या में युवक-युवतियों, महिलाओं व बुजुर्गों ने भाग लिया। आयोजन की अगुवाई डॉ रामभजन सोनवानी व सभा का संचालन दिनेश लहरे की अगुवाई में किया गया।कार्यक्रम में समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से रामलाल लहरे रटगा को अध्यक्ष पद के लिए चुना। वहीं सरंक्षक हेतराम जांगड़े, उपाध्यक्ष दिनेश लहरे आमाडांड, सभापति एनबी स्वामी लतार, कार्यकारी अध्यक्ष नरोत्तम, महासचिव राकेश कोटहा, सचिव खूबदास लहरे लोहारी, सहसचिव मनहरण, नवयुवक अध्यक्ष रतन भारतीय, उपाध्यक्ष राजेश लहरे, सचिव पुष्पक दास लोहारी, सहसचिव राजकुमार, सरंक्षक अनील चौधरी, अनील, कुवंर, देवशरण, नीरज, आनंद, मोहन, शिवकुमार, राहुल, पारस, नागेश लहरे, महिला अध्यक्ष भुमिया ओगरे, सरंक्षक कल्याणी सूर्या, सचिव गोंदा, पार्वती, चंन्द्र कुमारी, रोहणी बांधव, मालती लहरे, सुभद्रा बाई, गायत्री, कौशिल्या आदि ने समाज में रूढ़ीवादी परंपरा को त्यागने और संविधान के अनुरूप चलने का संकल्प लिया।

## प्रयास परीक्षा में 266 परीक्षार्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

अनुसूचित जाति व जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्रयास प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन आज स्वामी आत्मानंद स्कूल में केंद्राध्यक्ष अरुण जायसवाल प्राचार्य के नेतृत्व में हुआ। परीक्षा में पूरे विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के 266 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

जवाहर नवोदय विद्यालय की तर्ज पर आयोजित इस परीक्षा में चयनित परीक्षार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक जिले में स्थित सर्वसुविधा युक्त विद्यालयों में अध्ययन की सुविधा प्रदान की जाती है। परीक्षा में कुल 217 विद्यार्थी उपस्थित व 49 अनुपस्थित रहे। परीक्षा पश्चात बच्चों ने बताया कि, सर्व सुविधायुक्त निशुल्क विद्यालय में अध्ययन करने की ललक उनके दिल में होती है, जिसको छग शासन के इस अभिनव पहल से बल मिलता है। परीक्षा का आकस्मिक निरीक्षण हेमदास डहरिया व्याख्याता ने किया।



## पैसे के लेनदेन को लेकर युवकों के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर




पैसे के लेनदेन को लेकर बदमाशों ने कार रोककर दो युवकों के साथ जमकर मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी ग्राम खमरिया निवासी दौलत राम कश्यप ने बबलू दास मानिकपुरी एवं राहुल बैरागी से एक वर्ष पहले 1 लाख 39 जहार का उधार लिया था। दोनों 6 मई को दौलत राम से उधार दी गई रकम वापस मांगते हुए 5 लाख रुपए का दो चेक मांग रहे थे, जिसे कोर्ट में लगाकर वसूली करने के धमकी दे रहे थे। इस पर 7 मई को दौलत राम कश्यप ने बबलू मानिकपुरी को 1 लाख 10 हजार रुपए का चेक दिया एवं बाकी की रकम लौटाने के लिए दौलत राम कश्यप अपने साढ़ू संजय दत्त कौशिक के साथ बिलासपुर लोन लेने गए था, लेकिन वहां काम नहीं हुआ। इसके बाद संजयदत्त कौशिक अपनी वैन से दौलत राम को छोड़ने वापस खमहरिया आ रहे थे, इसी दौरान मोढ़े मार्ग के पास राहुल बैरागी, बबलू मानिकपुरी एवं मनजीत सिंह ठाकुर मिले और उधारी का पैसा वापस नहीं कर रहे हो कहकर दौलतराम से मारपीट कर दी। इस दौरान बीच-बचाव करने आए दौलत राम के साढ़ू संजयदत्त कौशिक को कार से नीचे उतार कर आरोपियों ने लात घूसों से पिटाई की।

मारपीट में उनकी बाईं आंख के नीचे पैर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296 , 351 (3) 115 (2 )3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

## प्राचार्य पर कार्रवाई का व्याख्याता संघ ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

प्राचार्य पर परीक्षा परिणाम को लेकर की गई कार्रवाई का छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ ने विरोध किया है। छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा और प्रवक्ता जितेंद्र शुक्ला ने परीक्षा परिणाम के आधार पर प्राचार्य को दोषी मानते हुए जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई का कड़ा विरोध जताया है।

- मामले पुनर्विचार व निष्पक्ष समीक्षा करने की मांग

संघ का कहना है कि, परीक्षा परिणाम के लिए केवल प्राचार्य और व्याख्याताओं को जिम्मेदार ठहराना न्यायोचित नहीं है, क्योंकि शैक्षणिक परिणाम अनेक परिस्थितियों एवं सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करते हैं। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि, विद्यालय का परीक्षा परिणाम केवल प्राचार्य के कार्य से प्रभावित नहीं होता, बल्कि इसमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि, शिक्षकों की उपलब्धता, संसाधनों की स्थिति, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अभिभावकों का सहयोग एवं अन्य प्रशासनिक परिस्थितियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे में एकपक्षीय रूप से प्राचार्य को दोषी मानकर कार्रवाई करना उचित नहीं है। छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ ने कलेक्टर की कार्रवाई को पुनर्विचार योग्य बताते हुए मांग की है कि, संबंधित मामले में समग्र तथ्यों की निष्पक्ष समीक्षा की जाए तथा किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई से पूर्व वस्तुस्थिति का गंभीरता से परीक्षण किया जाए। संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि, शिक्षा व्यवस्था में सुधार सामूहिक प्रयासों से ही संभव है, और दंडात्मक दृष्टिकोण के बजाय सकारात्मक सहयोग एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना अधिक आवश्यक है। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि, यदि व्याख्याताओ और प्राचार्यों के सम्मान एवं न्यायोचित अधिकारों की अनदेखी की गई तो संघ लोकतांत्रिक तरीके से अपने विरोध को और मुखर करेगा। संघ के नरेंद्र सोनी छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ जिला कांकेर, हीरेश नायक, एमन जैन, दाऊ लाल तिवारी, दया राम सिन्हा, रमेश नेताम, सुरेश कश्यप आदि अन्य ने इस कार्रवाई को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

## नर्सरी की झाड़ियों में युवक की मिली खून से लथपथ लाश, पुलिस जुटी तहकीकात में

**कोरबा।** एक 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है। युवक की मौत कैसे व किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची जिसके उपरांत खोजी डाग बाघा व फॉरेंसिक टीम की मदद ली गई जिनकी मदद से घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले के विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत सर्वमंगला नगर दुरपा निवासी बसंत पटेल उम्र 35 वर्ष पिता अमरनाथ पटेल मूलतः बिलासपुर जिले मस्तूरी के सोन लोहरसी का रहने वाला है। कुछ दिन पहले ही उसके भाई की शादी हुई है और वह 8 मई को ही अपने गांव से लौटा था। जिसके बाद बसंत पटेल सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत कोहड़िया में उसके पूर्व परिचित सत्येंद्र चौहान के घर शनिवार की रात ठहरा हुआ था। इस दौरान वह अजीबोगरीब हरकत कर रहा था। जिसके बाद अल सुबह लगभग 5 बजे वह घर से अचानक गायब हो गया था और रविवार की सुबह जब कोहड़िया नर्सरी में लोग दिशा मैदान के लिए गए तो उन्होंने एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश देखी। लाश मिलने की सूचना पर सीएसईबी चौकी प्रभारी राजेश तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना वरिष्ठ अफसर को दी। लाश मिलने की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले सहित पुलिस के आला अधिकारी व फॉरेंसिक एक्सपर्ट, डॉग एक्सपर्ट व क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची।

## मदर समर कैंप विद चिल्ड्रन संपन्न, टॉपर्स का सम्मान



कार्यक्रम में शामिल माताएं व बच्चे एवं संबोधित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेंड्रा की ओर से 1 से 10 मई तक आयोजित दस दिवसीय 'मदर समर कैंप विद चिल्ड्रन' का सफल एवं भव्य समापन किया गया। प्राचार्य जेपी पुष्प के संरक्षण में आयोजित इस समर कैंप में बच्चों एवं माताओं के सर्वांगीण विकास हेतु विविध शिक्षाप्रद, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

समर कैंप के दौरान प्रतिभागियों को योगा, जुम्बा, एरोबिक्स, डांस, गुड टच-बैड टच, आपदा के समय बचाव, मोबाइल के दुष्प्रभाव, स्वच्छता एवं स्वच्छ भारत अभियान जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। बच्चों ने मिट्टी के खिलौने बनाना, कागज से रचनात्मक सामग्री तैयार करना, कबाड़ से जुगाड़, आकर्षक हस्तशिल्प एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के माध्यम से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सामाजिक जागरूकता का विकास देखने को मिला। समापन दिवस पर 'मदर्स डे' के अवसर पर माताओं एवं बच्चों द्वारा सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। नृत्य, गीत एवं विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से मां और बच्चों के स्नेहपूर्ण रिश्ते को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी उपस्थित रहे। वहीं डॉ कृष्णकांत साहू एवं डॉ विनायक ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर राज्य की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 12वीं की छात्रा ताहिरा खान एवं भूमिका का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वयन स्वप्निल सिंह पवार ने किया। सहयोगी के रूप में शांति ओट्टी एवं सुमीत साहू का विशेष योगदान रहा। साथ ही सरस्वती पुस्तकालय की ओर से समर कैंप में शामिल बच्चों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।

कलेक्टर के सामने पांडुलिपियों के किया गया संरक्षित

# पेंड्रा की पुरानी बस्ती में प्राप्त हुई दुर्लभ पांडुलिपियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित 'ज्ञान भारतम' राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत जीपीएम जिले में विभिन्न प्राचीन, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों में सर्वेक्षण कर प्राप्त पांडुलिपियों का संकलन एवं संरक्षण किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य देश के विभिन्न क्षेत्रों में बिखरी प्राचीन एवं दुर्लभ पांडुलिपियों की पहचान, दस्तावेजीकरण, डिजिटल संरक्षण तथा भावी पीढ़ियों के लिए उनके सुरक्षित संवहन को सुनिश्चित करना है। सर्वेक्षण के क्रम रविवार को पुरानी बस्ती पेंड्रा के वार्ड क्रमांक 4 में पंडित मोहन दत्त शर्मा और राजा उपेन्द्र बहादुर के घर में 200 से 500 साल पुरानी दुर्लभ पांडुलिपियां प्राप्त हुईं। प्राप्त पांडुलिपियों को कलेक्टर डॉ संतोष कुमार देवांगन के समक्ष डिजिटल संरक्षण से सुरक्षित किया गया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 'ज्ञान भारतम' राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के जिला समन्वयक डॉ राहुल गौतम की अगुवाई में सर्वेक्षण टीम ने पंडित मोहन दत्त शर्मा के घर पर लगभग 500 साल पुरानी हस्तलिखित अथ श्रीमद भागवत गीता के साथ ही अन्य प्राचीन पांडुलिपियां प्राप्त हुईं। कलेक्टर ने प्राचीन धार्मिक ग्रंथ की प्राप्ती पर प्रसन्नता व्यक्त करने के साथ ही धार्मिक ग्रंथ पर श्रीफल एवं दक्षिणा अर्पित कर मत्था टेका। उन्होंने कहा कि, यह बहुत ही दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण पवित्र धरोहर है। इन पांडुलिपियों का जियो टैगिंग कर ज्ञान भारतम एप के जरिए सुरक्षित किया गया है। यह ग्रंथ पंडित मोहन दत्त शर्मा के स्वामित्व में संरक्षित रहेगा। सर्वे के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह के घर पर लगभग 200 साल पुरानी हस्तलिखित जमींदारी वंशावली और पेंड्रागढ़ के राजस्व एवं वन विभाग का नक्शा प्राप्त हुआ, जिन्हें कलेक्टर डॉ देवांगन के समक्ष डिजिटल संरक्षण से सुरक्षित किया गया। कलेक्टर ने राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह और उनकी धर्मपत्नी शिखा सिंह से एतिहासिक धरोहरों और पारिवारिक पृष्टभूमि पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, एसडीएम विक्रांत अंचल, डिप्टी कलेक्टर अमित बेक, सीएमओ अमन दीप मिंज सहित सर्वे टीम के सदस्य उपस्थित थे।

